卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 185 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦12 अप्रैल 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## ताबड़तोड फायरिंग से दहला बठिंडा मिलट्री स्टेशन, चार जवानों की मौत

### तड़के हुई फायरिंग, पूरे इलाके को किया सील, आतंकी हमले से इनकार



चंडीगढ़ (उद ब्यूरो)। पंजाब के बठिंडा में स्थित मिलिट्री स्टेशन बुधवार तड़के गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजा उठा। तड़के साढ़े चार बजे अचानक गोलियां चलने लगीं। इस गोलीबारी में चार जवानों की मौत की मौत हो गयी। वहीं, घटना के बाद पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। गोलीबारी की वजह का अभी तक पता नहीं चल सका है। बताया गया है कि हमलावर सिविल ड्रेस में था। इस हमले में जिन 4 जवानों की मौतें हुई है, वे 80 मीडियम रेजिमेंट के हैं। फायरिंग की घटना ऑफिसर्स मेस में हुई है पुलिस ने आतंकी हमले से इनकार किया है। बठिंडा के एसएसपी के मुताबिक यह आतंकी हमला नहीं है। पुलिस इसे आपसी टकराव की घटना मानकर चल रही है। फिलहाल मिलिट्री स्टेशन के अंदर पुलिस को भी जाने की अनुमति नहीं मिली है। सूत्रों के मुताबिक कुछ दिन पहले यूनिट गार्ड के रूम से एक इनसास एसॉल्ट राइफल गायब हुई थी। इसलिए अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस घटना में उस राइफल का इस्तेमाल हो सकता है। हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हुआ है। फायरिंग की घटना सुबह 4.35 बजे हुई। पहले जानकारी सामने आई की फायरिंग जारी है और क्विट रिस्पांस टीम ने मोर्चा संभाल लिया है लेकिन कुछ देर बाद ही बताया गया कि गोलीबारी बंद हो चुकी है। यह जानने की कोशिश की जा रही है कि घटना को अंजाम देने वाला हमला फिलहाल कहां है। सूत्रों के अनुसार हमलावर दो भी हो सकते हैं चूंकि बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में जवानों के परिवार भी रहते हैं। इसलिए (शेष पृष्ठ सात पर)

## जीप खाई में गिरने से छह नेपाली मजदूरों की मौत

झूलाघाट/पिथौरागढ़ (उद ब्यूरो)। झूलाघाट में विषुपति का पर्व मनाने भारत से अपने घर नेपाल वापस लौट रहे 6 नेपाली नागरिकों की जीप दुर्घटना में मौत हो गई। पांच लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई। भारतीय सीमा से लगे झुलाघाट से



बझाग जा रही जीप मंगलवार की रात लगभग 11:30 बजे झौलेक मोड़ के पास गहरी खाई में जा गिरी। जिला पुलिस कार्यालय बैतडी के प्रवक्ता पुलिस निरीक्षक योगेश खत्री ने बताया कि 500 मीटर नीचे खाई में गिरी जीप में सवार केदारस्यू गांव पालिका के 60 वर्षीय मनी बोरा, 42 वर्षीय नरे बोहरा, 35 वर्षीय गोरख बोरा, 45 वर्षीय मान बहादुर धामी, 45 वर्षीय (शेष पृष्ठ सात पर)

## अचानक कलेक्ट्रेट पहुंचे कमिश्नर, तहसील का निरीक्षण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कुमांऊ आयुक्त दीपक रावत बुधवार को अचानक कलेक्ट्रेट पहुंच गये। उन्होंने तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। कमिश्नर



के औचक निरीक्षण से तहसील कर्मियों में हड़कम्प मचा रहा। जानकारी के अनुसार दोपहर को कमिश्नर दीपक रावत अचानक कलेक्ट्रेट पहुंचे। उनके आने की सूचना किसी भी अधिकारी के पास नहीं थी। उन्होंने कलेक्ट्रेट (शेष पृष्ठ सात पर)

## कमिश्नर ने सरस बाजार में पकड़ा जीएसटी चोरी का माल


### औचक निरीक्षण से विभागीय अधिकारियों और व्यापारियों में मचा हड़कंप

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से करोड़ों रुपए की जीएसटी चोरी कर नगर के व्यापारियों द्वारा लाए जा रहे सामान की कलई आज तड़के उस समय खुलकर सामने आ गई जब स्वयं कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने जीएसटी चोरी कर भारी मात्रा में लाए जा रहे सामान को सरस बाजार में पकड़कर विभागीय अधिकारियों को तलब कर लिया। गौरतलब है कि नगर के कई ऐसे व्यापारी है जो बिना जीएसटी दिए सामान को चोरी छुपे शहर में ला रहे हैं। इस मामले में




जीएसटी के अधिकारियों की भूमिका भी साफ तौर पर सामने आ गई है। कुमाऊं मण्डल आयुक्त द्वारा बिना जीएसटी शुल्क अदा किए सामान पकड़े जाने की जानकारी मिलते ही विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। अधिकारी तो आयुक्त के सामने खुद की लापरवाही को ढकने का असफल प्रयास करते रहे। वहीं इस औचक कार्रवाई से नगर के तमाम व्यापारियों में भी हडकंप मचा रहा। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह भी पहुंच गई। बताया जा रहा है कि आज तड़के कुमाऊं मण्डल आयुक्त दीपक रावत अचानक सरस बाजार पहुंचे वहां पर कई बोरों में अलग-अलग तरह का सामान पाया गया। बोरों पर नाम कुछ और ही लिखा हुआ था। सूचना मिलते ही जीएसटी अधिकारियों के साथ ही सिटी मजिस्ट्रेट (शेष पृष्ठ सात पर)

परिवार जिसका मंदिर था, स्नेह जिसकी शक्ति थी।
परिश्रम जिसका कर्तव्य था, परमार्थ जिसकी भक्ति थी।
ऐसी आपकी आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें।



आपको बड़े दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिता **श्री प्रभु दयाल चिलाना जी** का स्वर्गवास **बुधवार दिनांक 5 अप्रैल 2023** को हो गया है। अतः उनकी आत्मा की शान्ति के लिए

**रस्म पगड़ी/तेहरवीं**

गुरुवार दिनांक 13 अप्रैल 2023 को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक
होटल आर्क, रुद्रपुर में सम्पन्न होगी।

-: शोकाकुल परिवार:-

बीना चिलाना (धर्मपत्नी)
संदीप-प्रियंका (पुत्र-पुत्रवधु)
पूनम-नीरज (पुत्री-दामाद)
श्वेता-आकाश (पुत्री-दामाद)

मुकुन्द लाल चिलाना (भाई)
बाबू लाल चिलाना (भाई)
बनारसी चिलाना (भाई)
हरीश चिलाना (भतीजा)
किशोर चिलाना (भतीजा)

समस्त चिलाना, नारंग, वाधवा, बत्रा एवं सलूजा परिवार

## खेत में छोड़े गए करंट की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत


नैनीताल(उद संवाददाता)। बेतालघाट ब्लॉक के गैरखाल गांव में जंगली जानवरों से फसल को बचाने के लिए खेत में छोड़े गए करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर राजस्व और ऊर्जा निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया। जानकारी के अनुसार 28 वर्षीय अर्जुन सिंह पुत्र दिलीप सिंह बिष्ट निवासी गैरखाल की पालतू गाय घर नहीं पहुंची। इस पर वह गाय की खोजबीन के लिए रात करीब नौ बजे घर से निकला। लेकिन काफी देर जब वह घर नहीं आया तो ग्रामीणों ने परिजनों के साथ खोजबीन की।ग्रामीणों को घर से 100 मीटर दूर एक खेत में (शेष पृष्ठ सात पर)

**कृषि भूमि बिकाऊ**

7 एकड़ कृषि भूमि बिकाऊ है
Highway (Rudrapur-Dehradun) से 2 किमी
**लोकेशनः** गदरपुर-गूलरभोज रोड पर
नजदीकी रेलवे स्टेशनः गूलरभोज (6 किमी)
नजदीकी एयरपोर्टः पंतनगर (20 किमी)
नजदीकी शहरः गदरपुर (4 किमी)
okLrfod [kjhnnkj
lid dj&9891277500

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

रामनगर (उद संवाददाता)। मंगलवार की देर रात नेशनल हाईवे पर पीरुमदारा क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में



आकर एक बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाली के एसएसआई अनीस अहमद ने बताया कि मंगलवार की रात ग्राम मजरा पीरुमदारा निवासी 21 वर्षीय गौरव सैनी बाइक से जा रहा था इसी बीच रास्ते में अज्ञात वाहन के चालक ने तेज व लापरवाही से वाहन चलाकर बाइक में टक्कर मार दी जिसमें गौरव की दर्दनाक मौत हो गई उन्होंने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के साथ ही अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है तथा परिजनों की तहरीर मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## अंबेडकर जयंती पर झांकियों के साथ निकलेगी भव्य शोभा यात्रा:ठुकराल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेड्कर के जन्मोत्सव पर कल 13 अप्रैल को डा. भीमराव अम्बेड्कर युवा मंच द्वारा भव्य शोभा यात्रा आयोहजित की जा रही है जिसमें अनेक प्रेरणा स्त्रोत झांकिया भी प्रदर्शित की जायेंगी। पत्रकारों को कार्यक्रम की जानकारी देते पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा



कि डा. अम्बेडकर ने हमेशा धर्म, जाति, वर्ग , भेद से ऊपर उठकर देश के लिए खुद को समर्पित किया। उनके आदशों पर चलना हर भारत वासी का कर्तव्य है। उन्होंने बताया कल 13 अप्रैल को दोपहर करीब तीन बजे आदर्श कालोनी घास मंडी से भव्य शोभा यात्रा प्रारम्भ होगी। जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर (शेष पृष्ठ सात पर)

# उपभोक्ताओं को चीनी और नमक पर मिलेगी 50 प्रतिशत की सब्सिडी

देहरादून। प्रदेश की खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले की मंत्री रेखा आर्या ने विधानसभा, देहरादून स्थित कार्यालय कक्ष में खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में बैठक की। इस बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में अन्तोदय और पीएचएच कार्ड धारकों को प्रतिमाह प्रति कार्ड 50 प्रतिशत सब्सिडी के साथ दो किलो चीनी और एक किलो नमक दिए जाने पर चर्चा हुई। इसके साथ ही राशन डीलरों को प्रतिकार्ड एक प्रतिशत का लाभांश दिए जाने व मुफ्त तीन रिफिल सिलेंडर विषय पर चर्चा हुई। खाद्य मंत्री ने कहा कि पूर्व के बजट में हम लोगों ने कुछ चीजों का प्रावधान किया था, जिसमें नमक व चीनी शामिल थी। आखिरकार उसको लेकर विभाग ने क्या तैयारी की है और प्रस्ताव कहां तक पहुंचा है इस बारे में समीक्षा बैठक की गई है। खाद्य मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि विभाग को नमक और चीनी का प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए गए हैं। इस प्रस्ताव को जल्द ही कैबिनेट बैठक में लाया जाएगा। इसके तहत अन्तोदय और पीएचएच राशनकार्ड धारकों को प्रतिमाह दो किलो



चीनी और एक किलो नमक 50 प्रतिशत सब्सिडी पर दी जाएगी।साथ ही साथ इस बैठक में प्रतिकार्ड प्रति राशन डीलर को प्रति किलो एक रूपए का लाभांश दिए जाने का प्रस्ताव बनाने निर्देश दिए गए हैं। जिसे भी जल्द कैबिनेट बैठक में लाया जाएगा। खाद्य मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में हमारे राज्य के गरीब तबके के लोग निश्चित रूप से 50% की सब्सिडी का लाभ प्राप्त करेंगे। जिससे उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। वहीं साल में अन्तोदय परिवारों को दिए जाने वाले मुफ्त तीन गैस रिफिल सिलेंडर पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि इसकी प्रगति जारी है। प्रचार- प्रसार से गैस रिफिल का क्रम बढ़ रहा है। वर्तमान में अन्तोदय के 1 लाख 76 हजार परिवार इससे जुड़े हुए हैं। जिसमें से एक लाख 36 हजार परिवार गैस रिफिल करा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने विभाग को इस बात का परीक्षण करने के निर्देश दिए हैं कि प्रति जनपद ऐसे कितने परिवार हैं जो लोग गैस रिफिल नही करा रहे हैं। किन कारणों से गैस की रिफलिंग नही करा रहे हैं।

# जंगल की आग बुझाने में झुलसे दो युवकों की मौत

पौड़ी। पौड़ी के चौबट्टाखाल क्षेत्र में जंगल में फंसे दो युवकों की मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों जंगल में लगी आग को बुझाने की कोशिश कर रहे थे। राजस्व पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। वहीं, एसडीएम ने बताया कि घटना की मजिस्ट्रेटी जांच कराई जाएगी। ग्राम प्रधान सेडियागाड़ सुमन देवी व सामाजिक कार्यकर्ता मनोज नौडियाल ने बताया कि कंडूली गांव निवासी कुलदीप कुमार (26) पुत्र दीनदयाल प्रसाद नौडियाल और सेडियागाड़ निवासी विकास रावत पुत्र महिपाल रावत दरगास तोक में जंगल में लगी आग को बुझाने गए थे। काफी देर तक दोनों युवक वापस नहीं आए तो ग्रामीण जंगल की ओर गए। वहां कुलदीप बुरी तरह झुलसा हुआ जमीन पर पड़ा था जबकि विकास एक पेड़ पर चढ़ा हुआ था। कुलदीप की मौत हो चुकी थी और विकास भी काफी झुलस गया था। ग्रामीणों ने विकास को पेड़ से उतारा तो उसने बताया कि वे दोनों घूमने आए थे। इसी बीच जंगल में आग लग गई। उन्होंने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन अचानक आग बेकाबू हो गई। ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस की मदद से विकास को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पोखड़ा में भर्ती कराया। यहां से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतपुली रेफर किया गया। वहां डाक्टरों ने विकास को मृत घोषित कर दिया। सामाजिक कार्यकर्ता मनोज नौडियाल ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद विकास का अंतिम संस्कार हरिद्वार के चंडीघाट और कुलदीप कुमार का अंतिम संस्कार पैतृक घाट सनेऊ नदी तट पर हुआ। घटना के बाद से क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है। दोनों युवक दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते थे। चार भाइयों में कुलदीप कुमार दूसरे नंबर का था। उसके पिता दीनदयाल प्रसाद नौडियाल गांव में रसोईया का काम करते हैं। विकास के दो भाई व एक बहन है। उसके पिता महिपाल सिंह रावत पोखड़ा में हिमालयन गढ़वाल विवि में सुरक्षा कर्मी के पद पर सेवारत हैं। विकास व कुलदीप दोनों ही कुछ दिनों पहले गांव आए थे।

# भाविप ने बच्चों को गणवेश वितरित किये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद नगर शाखा द्वारा आज रम्पुरा स्थित बाल विकास सरस्वती विद्या मंदिर प्राथमिक विद्यालय में अध्यनरत बच्चों को विद्यालय की गणवेश वितरित की गई। परिषद के अध्यक्ष विष्णु कुमार सक्सेना ने कहा कि संस्था द्वारा पिछले कई दशकों से जनसेवा के कार्य किए जा रहे हैं। जिसके तहत विद्यालय में पढ़ने वाले गरीब परिवार के बच्चों को स्कूल ड्रेस, पाठ्य पुस्तकें, जूते, स्वेटर, बैग आदि का वितरण किया जाता है। इसके अतिरिक्त जनहित में अनेक प्रमुख स्थानों पर ठंडे पानी का रेफ्रिजरेटर लगाए गए, गरीबों को गर्म वस्त्र व कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिडकुल स्थित फैक्ट्री से आई श्रीमति नेहा तथा गौरव कुमार ने संस्था द्वारा कराए जा रहे जनहित का कार्यों की सराहना करते हुए सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान नरेंद्र अरोरा, भारत भूषण चुघ, कैलाश अग्रवाल,




राजकुमार बिंदल, दीपक अरोरा, राजेश गुप्ता, संजय राधू, संजय खेड़ा, राजेंद्र अरोरा, नितिन भल्ला, पुष्कर अग्रवाल, राजेश गुप्ता, साहिल आनंद व कार्यक्रम का संचालन श्री दीपचंद जोशी द्वारा किया गया आदि मौजूद थे।

# दिनदहाड़े परिवार को बंधक बनाकर गहने व नकदी लूटी

देहरादून। नेहरू कॉलोनी में दिनदहाड़े बदमाशों ने एक घर मे घुसकर पहले परिवार के सदस्यों को बंधक बनाया। इसके बाद तमंचे के बल पर गहने व नकदी लूट ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष लोकेंद्र बहुगुणा ने बताया कि लूट की घटना नेहरू कॉलोनी सी ब्लॉक स्थित वीके अग्रवाल के घर हुई। अग्रवाल एमडीडीए से इंजीनियर रिटायर हैं। उनका बेटा संदीप नेहरू कॉलोनी में ही सेंट एनी स्कूल चलाते हैं। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजकर सात मिनट पर संदीप की पत्नी , बहन और मां घर में मौजूद थे। वीके अग्रवाल इन दिनों बीमार रहते हैं और बेड रेस्ट पर हैं। इस दौरान उनके घर में एक युवक घुसा। उसके पीछे तीन और बदमाश घुस गए। इनमें से एक के पास तमंचा और तीन के पास चाकू थे। घर के निचले हिस्से में वीके अग्रवाल की पत्नी और बेटी थीं। बदमाशों ने उन्हें बंधक बनाया व जेवर और कीमती सामान के बारे में पूछा। दोनों महिलाओं ने जेवर और नकदी दे दी। इसी बीच ऊपर कमरे में मौजूद संदीप की पत्नी ने शोर सुनकर अपने पति को फोन किया। यह सुनकर बदमाश वहां से भाग निकले। बताया जा रहा है कि बदमाश स्कूटी से आए थे। मौके पर पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर छानबीन कर रही है।

# स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने अवैध रूप से स्मैक तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार नशे पर अंकुश लगाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी के निर्देशन पर थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव, एसआई मंजू पवार ने पुलिस टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक मादक पदार्थ की तस्करी करने जा रहा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर ग्राम सुनखरी पुलिया के समीप। आरोपी को हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर आरोपी



युवक के पास 4. 53 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि नशे के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव, एसआई मंजू पवार, अमित देवरानी, नवीन जोशी, आदि पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# प्राथमिक विद्यालय रामेश्वरपुर के विकास के लिए उड़ान संस्था ने दिया योगदान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।'उड़ान एक नयी दिशा की ओर' संस्था ने फर्स्ट फ्लाई इवेंट में जमा की गई धनराशि से राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय, रामेश्वरपुर में छह टॉयलेट्स और हाथ धोने के लिए चार वॉशबेसिन का निर्माण करवाया। प्रिंसिपल ने संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह निर्माण बच्चों के हाइजीन में सदैव काम आएगी। इस अवसर पर सभी बच्चों को नये स्कूल बैग भी बाटें गये। क्लब के सदस्यों ने विद्यालय के स्टाफ को सम्मानित किया। संस्था की चेयरपर्सन ज्योति गोयल



ने बताया कि संस्था के एक वर्ष पूरे होने की खुशी में संस्था द्वारा मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली के सहयोग से एक हेल्थ चेक अप कैम्प का आयोजन 15 अप्रैल को होटल ले कैसल में किया जा रहा है। इस कैम्प दिल्ली से ब्रेस्ट कैंसर और हड्डी रोग विशेषज्ञ, जरनल फिजिशियन व शुगर, बीपी, बीएमडी सबकी मुफ्त जाँच की जाएगी। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष पायल अग्रवाल, सचिव आस्था अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रिचा मित्तल,उपाध्यक्ष प्रिया गर्ग,नीतू गोयल,युक्ति गोयल, स्वाति गुप्ता, सोनल बंसल, शोभी गर्ग, सिल्की गर्ग, श्वेता गोयल, सरिता अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, कविता बंसल, कंचन अग्रवाल, दीपाली शर्मा और अकांक्षा मित्तल आदि मौजूद रहे।

# लैंड जिहाद पर कांग्रेस विधायक ने दिया समर्थन

अल्मोड़ा। द्वाराहाट से कांग्रेस विधायक मदन बिष्ट ने लैंड जिहाद पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मुहिम का समर्थन कर अपनी पार्टी को असहज कर दिया है। बिष्ट ने अतिक्रमण कर बनाई गई मजारों को हटाने की मुहिम का समर्थन किया है। उनके अनुसार, यह फैसला सड़क सुरक्षा की दृष्टि से भी सही है। इतना ही नहीं उन्होंने कांग्रेस पार्टी को भी आड़े हाथ लिया है, उनके अनुसार बड़े नेताओं ने पार्टी का बंटाधार कर दिया। अब कोई कांग्रेस संगठन से नहीं जुड़ना चाहता है। राज्य में कांग्रेस के नेता भाजपा के हिंदुत्व के एजेंडे में न फंसे, इसके लिए बाकायदा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की ओर से चिट्ठी जारी की गई है। मुख्यमंत्री सहित भाजपा नेताओं ने सरकारी भूमि पर अवैध धार्मिक स्थलों खासकर मजारों को लेकर अभियान छेड़ रखा है। कांग्रेस इससे बेचैन है, लेकिन वह इस मुद्दे से खुद को दूर रखना चाहती है। सियासी जानकारों का मानना है कि हिंदुत्व के मुद्दे को आगे बढ़ाते हुए भाजपा इसे लैंड जिहाद का नाम देकर भुनाना चाहती है। कांग्रेस इस पर पलटवार करे, यह भी उनकी रणनीति का हिस्सा है। कांग्रेस नेता अब तक इस मुद्दे पर कन्नी काटते रहे हैं। खुद अध्यक्ष करन माहरा इस मुद्दे पर मीडिया में बयान देने से बचते रहे हैं। उनका साफ कहना है कि किसी भी अतिक्रमण को धार्मिक चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए।

# स्मैक की तस्करी करते दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंडी चौकी पुलिस कर्मियों ने गश्त के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी का अनुसार हरेंद्र चौधरी, प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में गुलाब सिंह कंबोज, चौकी प्रभारी मंडी द्वारा पुलिस टीम के साथ रात्रि में चेकिंग के दौरान एक स्मैक तस्कर को बरेली रोड से अवैध स्मैक की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता वत्सल बिष्ट पुत्र राजीव बिष्ट निवासी सिविल लाइन भोटिया पड़ाव बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 10 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। उसका कहना था कि वह नशा



करता है। अधिक पैसा कमाने के लिए अवैध तस्करी करता है। इससे पूर्व भी उसे पुलिस द्वारा कई बार अवैध नशे की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तस्कर वत्सल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम में गुलाब सिंह कंबोज, प्रभारी चौकी मंडी, कानि0 ललित मेहरा व अरुण राठौर शामिल थे।

# निर्दलीय विधायक उमेश की बढ़ी मुश्किलें

देहरादून । हरिद्वार जिले की खानपुर सीट से निर्दलीय विधायक उमेश कुमार की मुश्किलें बढ़ती दिखाई दे रही हैं। भाजपा के पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन के उमेश पर अवैध रूप से विदेशी मुद्रा रखने के आरोपों का पीएमओ और केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने संज्ञान लिया है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने मुख्य सचिव को पत्र भेजकर विधायक उमेश कुमार के विरुद्ध जांच के आदेश दिए हैं। भाजपा के पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन ने दो दिसंबर, 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा था। पत्र में उन्होंने विधायक उमेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाए थे। साथ में प्रदेश सरकार की ओर से इस मामले में की गई कार्रवाई के बारे में भी जानकारी दी थी। यह भी कहा गया कि उक्त व्यक्ति के पास अवैध विदेशी मुद्रा भी पाई गई, लेकिन वर्तमान समय तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई। उन्होंने विधायक को मिली वाई श्रेणी की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े किए। पीएमओ को भेजे गए साक्ष्य में यह भी बताया गया कि उमेश कुमार पर 22 अक्टूबर, 2018 में राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने उनके आवास और कार्यालय में छापेमारी कर कई संपत्तियों के कागजात के साथ ही अमेरिकन डालर और थाई करेंसी बरामद की थी। देहरादून की तत्कालीन एसएसपी की ओर से इस मामले में रिपोर्ट अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था को भेजी गई थी। तत्कालीन प्रमुख सचिव आनंद बर्द्धन की ओर से भी आयकर विभाग और ईडी को कार्यवाही के संबंध में पत्र लिखा गया था। कुंवर प्रणव के पत्र को पीएमओ ने गंभीरता से लिया। पीएमओ ने केंद्रीय वित्त मंत्रालय को इस संबंध में कार्यवाही के लिए कहा गया। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अनुसचिव ने मुख्य सचिव को पत्र भेजकर इस प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

# सहसपुर के रिजॉर्ट में रेव पार्टी का भंडाफोड़

## पुलिस ने चंडीगढ़ की कई युवतियों को छुड़ाया, तीन गिरफ्तार

देहरादून। सहसपुर के एक रिजॉर्ट में पुलिस ने रेव पार्टी का भंडाफोड़ किया है। यहां चंडीगढ़ से 15 युवतियों को देह व्यापार के लिए लाया गया था। मौके से चरस और आपत्तिजनक वस्तुएं भी मिली हैं। पुलिस ने युवतियों को छुड़ाकर रिजॉर्ट से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि, रिजॉर्ट मालिक और युवतियों को लाने वाला आरोपी भाग निकला। एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि सहसपुर के होरोवाला में संजीवनी रिजॉर्ट में देह व्यापार कराने की सूचना मिली थी। रविवार आधी रात को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल, एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर भेजी गई। टीम ने एक-एक कर सभी कमरों की तलाशी ली। एक कमरे से 573 ग्राम चरस बरामद हुई। दूसरे कमरे में 15 युवतियां बैठी थीं। इनके पास से बहुत सी आपत्तिजनक चीजें भी मिलीं। युवतियों ने पुलिस को बताया कि उन्हें संजय नाम का युवक चंडीगढ़ से डांस करने के लिए लाया था। अब उन पर दबाव बनाकर गलत काम कराया जा रहा है। पुलिस ने सभी युवतियों को मौके से मुक्त कराया गया। साथ ही हेमंत निवासी आजादनगर, हिसार, हरियाणा, दीपक निवासी सोरना डोबरी, सहसपुर और राहुल निवासी गांव लाडलू, मंडी जिला मोहाली चंडीगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। रिजॉर्ट का मालिक अमित गर्ग और संजय नाम का युवक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। पूछताछ में पता चला कि चरस हेमंत लेकर आया था। उसे चरस तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जबकि, राहुल, संजय का साथी है। वह गाड़ी से इन युवतियों को लेकर आया था। दीपक वहां रिसेप्शनिस्ट है। विजिटर रजिस्टर चेक किया गया तो पता चला कि सात अप्रैल के बाद से रिजॉर्ट में कोई ग्राहक नहीं आया है। मौके से सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर कब्जे में ली गई है। पुलिस ने इस मामले में मानव तस्करी करने और नशे का व्यापार करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। रेव पार्टी शराब, ड्रग्स, म्यूजिक, नाच-गाना और सेक्स का कॉकटेल होता है। ये पार्टियां बड़े गुपचुप तरीके से आयोजित की जाती हैं। जिनको बुलाया जाता है, वे पार्टी के बारे में अपने सर्किल के बाहर के लोगों को जरा भी भनक नहीं लगने देते। नशीले पदार्थ बेचने वालों के लिए ये पार्टियां धंधे की सबसे मुफीद जगह बन गई हैं। संजीवनी रिजॉर्ट एक साल में दूसरी बार चर्चा में आया है। पिछले साल 17 जून को यहां अवैध रूप से कैसिनो खेलते हुए 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। मौके से 2300 कैसिनो क्वाइन भी बरामद हुए थे। उस वक्त भी कुछ लोग मौके से भाग निकले थे। एसटीएफ की इस कार्रवाई के बाद अन्य रिजॉर्ट में भी तलाशी अभियान चला था।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

मकान बिकाऊ है
15 x 45 का एक मकान ( रजिस्ट्रीशुदा ) शांति कालोनी निकट अग्रसेन अस्पताल रूद्रपुर में बिकाऊ है।
-सम्पर्क करें-
मो. 8191024718

मकान बिकाऊ
भगत सिंह चौक रूद्रपुर में 15x30 में बना पांच मंजिला कामर्शियल (फ्रीहोल्ड) भवन बिकाऊ है।
संपर्क करें
7017360462

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

# मसूरी में मिलेट के प्रोत्साहन और विपणन पर राष्ट्रीय सम्मेलन में जुटेंगे 15 राज्य

देहरादून। पहाड़ों की रानी मसूरी में राज्यों के कृषि विपणन बोर्ड की राष्ट्रीय परिषद (कोसांब) के तत्वावधान में मिलेट पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन मंगलवार से प्रारंभ होने जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 12 अप्रैल को इसका औपचारिक उद्घाटन करेंगे। सम्मेलन में उत्तराखंड समेत 15 राज्यों के प्रतिनिधि मिलेट की संभावनाएं और अवसर विषय पर मंथन में जुटेंगे। वे अपने-अपने राज्यों में मिलेट से संबंधित अनुभव साझा करेंगे। साथ ही सम्मेलन में मिलेट को प्रोत्साहन और विपणन की पुख्ता व्यवस्था बनाने के दृष्टिगत भविष्य की रणनीति भी तय की जाएगी। कृषि मंत्री एवं कोसांब के अध्यक्ष गणेश जोशी ने सोमवार को विधानसभा भवन स्थित सभागार में पत्रकारों से बातचीत में उक्त जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि 11 से 13 अप्रैल तक होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल सहित विभिन्न राज्यों के राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष समेत अन्य अधिकारी भाग लेंगे। सम्मेलन में असम, गोवा, तेलंगाना, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू व कश्मीर समेत 15 राज्य भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में मिलेट पर कार्य करने के लिए बेहतर मार्ग प्रशस्त करने के मद्देनजर विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा।इस कॉमेडियन व ब्लागर ने की भगवान श्रीराम पर आपत्तिजनक टिप्पणी, बढ़ेंगी मुश्किलें; जल्ध्द हो सकता है गिरफ्तारसम्मेलन में भारतीय मिलेट अनुसंधान संस्थान हैदराबाद, भारतीय चिकित्सा सयंत्र विपणन संघ, एडी पोर्ट्स ग्रुप के प्रतिनिधि और कृषि क्षेत्र के विशेषज्ञ भी शामिल होंगे। सभी प्रतिभागी मंगलवार को देर शाम को परिचयात्मक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के साथ ही विभिन्न विषयों पर विमर्श करेंगे। औपचारिक उद्घाटन 12 अप्रैल को होगा।कैबिनेट मंत्री जोशी के अनुसार सम्मेलन में मिलेट की उपयोगिता और किसानों की आय में बढ़ोत्तरी के संबंध में विस्तार से चर्चा होगी। मिलेट उपज को बढ़ावा देने के लिए राज्यों ने क्या रणनीति अपनाई है, इसकी जानकारी साझा की जाएगी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरगामी सोच से समूचे विश्व में मिलेट को लेकर नई अलख जगी है। प्रधानमंत्री ने मिलेट यानी मोटे अनाज को श्रीअन्न नाम दिया है। इसे लेकर देशभर में उत्साह व उमंग का वातावरण है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में प्रदेश सरकार मिलेट मिशन शुरू कर चुकी है। मिलेट को बढ़ावा देने के लिए मंडुवा का समर्थन मूल्य घोषित करने के साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से इसका वितरण किया जा रहा है। साथ ही अन्य कई कदम भी उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को इस सम्मेलन से लाभ होगा और अन्य राज्यों की बेहतर पहल को वह यहां भी अपना सकेगा।

# अडानी को बचाने में केंद्र सरकार हुई नतमस्तक : दीपंकर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।माले की दो दिवसीय उत्तराखण्ड राज्य कमेटी बैठक नैनीताल में सम्पन्न हुई। बैठक में पार्टी के महासचिव कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य और माले पोलित ब्यूरो की ओर से राज्य प्रभारी कॉमरेड संजय शर्मा भी मौजूद रहे। दीपंकर भट्टाचार्य कहा कि अडानी को बचाने के लिए इस सरकार ने अपने आप को नतमस्तक कर दिया है।उन्होंने कहा कि पूरे देश को जनसंहार पर आधारित गुजरात मॉडल में तब्दील करने की कोशिश भाजपा कर रही है। लेकिन आज देश को बिहार मॉडल की जरूरत है। यह मॉडल देश को गुजरात होने से बचाएगा। दीपंकर ने कहा कि आजादी की लड़ाई ब्रिटिश साम्राज्यवादी कंपनी राज के खिलाफ केंद्रित थी।आज के नए फासीवादी कॉरपोरेट कंपनी राज के विरुद्ध दूसरी आजादी की लड़ाई की जरूरत है। इसलिए अंग्रेजों के खिलाफ चली आजादी की लड़ाई के प्रतीक, उसके विचार, उसके नायक, उनकी विरासत और बलिदान इस दूसरी आजादी की लड़ाई और लोकतंत्र के लिए सबसे बड़े प्रेरणा स्रोत हैं।उन्होंने कहा राज्य की सरकार भी केंद्र के नक्शेकदम पर चलते हुए जनता के विरुद्ध लगातार नीतियां बनाने और भ्रष्टाचार में लिप्त है। जोशीमठ आपदा हो, अंकिता मामला हो या यूकेट्रिपलएससी, उत्तराखंड ओपन




यूनिवर्सिटी और विधानसभा भर्ती घोटाला, या उत्तराखंड में दलित उत्पीडन की बढ़ती घटनाएं सभी जगह इस सरकार की घोर जनविरोधी कार्यशैली स्पष्ट रूप से सामने आ गई है। डा. संजय शर्मा ने कहा कि उत्तराखण्ड हमेशा से जन आंदोलनों का केन्द्र रहा है। राज्य भी लंबे जनसंघर्ष के बाद बना, लेकिन राज्य बनने के बाद राजनीतिक सरंक्षण में हुई संसाधनों की खुली लूट ने जनता की उम्मीदों को ध्वस्त करने का काम किया है। इसके विरुद्ध बड़े जनसंघर्ष की जरूरत है और यह काम बिना मजबूत क्रांतिकारी कम्युनिस्ट पार्टी के संभव नहीं है। दो दिवसीय बैठक में राज्य के अनेक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में माले राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी, डा कैलाश पाण्डेय, केके बोरा, बहादुर सिंह जंगी, आनन्द सिंह नेगी, ललित मटियाली, अतुल सती, गोविन्द कफलिया, विमला रौथाण, मदन मोहन चमोली, कैलाश जोशी, दुर्गा सिंह मेहता, किशन बघरी, अंकित उंचोली, अतुल सती ने अपनी बात रखी।

## कोविड चिकित्सा कर्मियों का धरना जारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कोविड काल मे राजकीय मेडिकल कॉलेज, सुशीला तिवारी, बेस हॉस्पिटल में लगे कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन 25वे दिन भी जारी रहा। कोविड कर्मचारियों का कहना है कि जब तक शासन प्रशासन से कोई जबाब नही आता है तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। अगर शासन और प्रशासन द्वारा जल्दी से जल्दी कोविड में रखे कर्मचारियों के बारे सुध नही ली गई तो पूरे प्रदेश में लगे 1600 कर्मचारी उग्र आंदोलन के बाध्य होंगे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# भद्रतुंगा में होने वाले अर्धकुंभ को भव्य बनाने के लिए न्यास करेगा सहयोग

बागेश्वर (उद संवाददाता) वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण न्यास की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने जिले में खड़िया उद्योग स्थापित करने,देवी देवताओं और महाऋषियों की तपस्थली रही तपोनगरी और कपकोट के भद्रतुंगा में आयोजित अर्द्धकुंभ को लेकर भी चिंतन-मंथन किया गया। पहली बार जिले के भद्रतुंगा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पारिवारिक गुरुमहामंडलेश्वर अभिराम दास के नेतृत्व में आयोजित होने वाले अर्द्ध महाकुंभ को विश्व पटल पर भव्यता से आयोजित करने को लेकर रायसुमारी हुई,इस दौरान लाखों श्रद्धालुओं के पहुँचने पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अभूतपूर्व सहयोग करने का संकल्प लिया, वही चार धामों के बाद जिले के प्रमुख धाम को अर्द्धकुम्भ के बाद पांचवा धाम घोषित करने की मांग उठाई।पांचवे धाम बनाने के बाद यहां रोजगार पर्यटन, और जिलेवासियों को सम्रद्धि देने के लिए यह बहुतअनुपम पहल होगी, बैठक में नगर की पेयजल समस्या को लेकर जल संस्थान की जल वितरण व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। वक्ताओं ने कहा कि दो-दो नदियों के बीच में बसे शहर में लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। पानी के लिए लोग सुबह से शाम तक हैंडपंपों तथा जलस्रोतों से पानी ढो रहे हैं। जल्द जल संस्थान के खिलाफ आंदोलन करने की चेतावनी दी है।बैठक में पुरुस्कार प्राप्त खिलाड़ी और कोच कमलेश तिवारी का स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर न्यास के अध्यक्ष दलीप खेतवाल, पूर्व न्यास अध्यक्ष रणजीत सिंह बोरा,बालादत्त तिवारी, एड.गोविंद भंडारी, इंद्र सिंह परिहार,नयन सिंह रावत, बलवंत सिंह भाकुनी,भवानी राम आगरी,केश्वानंद जोशी आदि मौजूद रहे।




# सरकारी विद्यालयों में मनाया प्रवेश उत्सव

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले में सरकारी विद्यालयों में प्रवेश उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। जिले के विभिन्न विद्यालयों में 3964 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश लिया। निदेशक प्रारंभिक शिक्षा वंदना गर्ब्याल ने राप्राविबमराड़ी में कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान अभिभावकों को सरकार की



योजनाओं की जानकारी दी गई। प्राविमें आयोजित कार्यक्रम में सरकारी विद्यालयों में बच्चों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के साथ-साथ यहां पर उपलब्ध संसाधनों का सदुपयोग करने को कहा। उन्होंने सरकार की प्री प्राइमरी शिक्षा हेतु चलाई जा रही बाल वाटिका के फायदों के बारे में जानकारी साझा की। मुख्य शिक्षा अधिकारी गजेंद्र सोन ने सरकारी विद्यालयों की सुविधाओं का लाभ लेकर बच्चों की शिक्षा पर अभिभावकों से भी व्यक्तिगत ध्यान देने को अपील की। विधायक प्रतिनिधि मनोज ओली ने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे पब्लिक स्कूलों की चकाचौंध से बचें। इससे पूर्व निदेशक ने राइंका कौलाग व गरुड़ में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश्वरी मेहता आदि मौजूद रहे।

# नकलचियों पर लगेगा पांच साल का प्रतिबंध

हरिद्वार। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग समूह-ग की चार भर्तियों के पेपर लीक, नकल, ओएमआर शीट में छेड़छाड़ मामले में 184 अभ्यर्थियों को पांच साल के लिए सभी परीक्षाओं से प्रतिबंधित करेगा। राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं से डिबार करने के लिए भी यह सूची आयोग को भेजी जाएगी। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग का एक्ट 24 जून 2014 को जारी हुआ था। इसमें नकल पर कार्रवाई का सीधे अधिकार आयोग को दिया गया था। आयोग शुचिता प्रभावित करने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षाओं से प्रतिबंधित कर सकता है। वहीं, अब राज्य में नया नकलरोधी कानून भी लागू हो गया है। वहीं, आयोग के अध्यक्ष जीएस मर्तोलिया का कहना है कि सभी के जवाब मिलने के बाद उन्हें देखा जाएगा। इसके बाद आरोपियों को आयोग की परीक्षाओं से पांच साल के लिए डिबार करने की तैयारी है। बता दें कि राज्य लोक सेवा आयोग ने भी समूह-ग की भर्तियों में पेपर लीक के 105 आरोपियों को पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया है। पटवारी- लेखपाल परीक्षा में नकल करने वाले जिन 44 अभ्यर्थियों से पूर्व में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था, उनका संतोषजनक जवाब न मिलने पर आयोग ने उन सभी पर पांच साल का प्रतिबंध लगा दिया है। ये सभी अब पांच साल तक आयोग की किसी भी परीक्षा में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। गुरुवार को आयोग की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इससे पहले आयोग जेई परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाले 61 नकलचियों पर पांच साल का प्रतिबंध लगा चुका है। इस प्रकार अब तक आयोग नकल करने वाले 105 अभ्यर्थियों पर कार्रवाई कर चुका है। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डा. राकेश कुमार ने बताया कि बैठक में 12 फरवरी 2023 को हुई पटवारी- लेखपाल परीक्षा-2022 के संबंध में भी अग्रिम कार्यवाही करते हुए कुल रिक्त पदों के सापेक्ष करीब तीन गुणा अभ्यर्थियों की अभिलेख सत्यापन, शारीरिक मापदंड और दक्षता परीक्षा के लिए सूची भी आयोग की बैठक में अनुमोदित की गई है। जिसका वितरण आयोग की वेबसाइट्.चेब.ना. वतह.पद पर अपलोड किया जा रहा है। अभिलेख सत्यापन एवं शारीरिक मापदंड और दक्षता परीक्षा का तिथिवार कार्यक्रम अलग से जारी किया जाएगा। बताया कि पुलिस विभाग की ओर से एई परीक्षा में नौ अभ्यर्थियों के नकल करने की पुष्टि की गई थी। इन नौ अभ्यर्थियों को भी आयोग की ओर से नोटिस जारी कर नियमानुसार स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके बाद इनके बारे में निर्णय लिया जाएगा।23 अप्रैल को होने वाली सहायक लेखाकार परीक्षा ईद के चलते सात मई रविवार को कराने का निर्णय बैठक में लिया गया है। सहायक लेखाकार परीक्षा की तिथि चौथी बार बढ़ाई गई है।

# योग, ध्यान एवं जल से शारीरिक निरोगता पर गोष्ठी का आयोजन

रामनगर(उद संवाददाता)।खत्री महासभा परिसर में स्वस्थ भारत अभियान के तत्वावधान में उज्ज्वला योग संस्थान द्वारा योग, ध्यान एवं जल विषय एवं शारीरिक निरोगता में इनकी महत्ता पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। आचार्य नितिन ने योग विशेषज्ञ के रूप में योग आसनों और ध्यान क्रिया का प्रदर्शन कर उसके लाभ बताये। दिल्ली से आये वरिष्ठ जल विशेषज्ञ श्री रोहित आर्यन द्वारा सामान्य जल और पुनर्गठित या रिस्ट्रक्चर जल का वैज्ञानिक परीक्षण कर के दिखाया और बताया कि इस कंगन जल से शरीर को ऑक्सीकरण, अम्लीयता और भारी जल से उत्पन्न तनावों से मुक्ति दिलाई जा सकती है और शरीर को व्याधि मुक्त बनाया जा सकता है। उज्ज्वला योग संसथान द्वारा पिछले एक वर्ष से इस विशिष्ट जल का नि:शुल्क वितरण भी किया जा रहा है। कार्यक्रम में कंगन जल पीकर लाभान्वित होने वाले लोगों द्वारा भी अपने अपने लाभ साझा किये। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर आचार्य नितिन ढोमणे जी द्वारा किया गया। गोष्ठी में वरिष्ठ समाजसेवी गणेश रावत, रिटायर्ड कर्नल बी एस लटवाल, मोहित मित्तल, अशोक माहेश्वरी, विनीत शर्मा, बांसुरी वादक विनीत रेखाड़ी , श्रीमती अनीता मितेश्वर आनंद , श्रीमती उज्ज्वला ढोमणे, जानकी मेहरा आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम संचालन सहयोग महेंद्र सिंह, तिलक रावत एवम प्रमिला बिष्ट द्वारा किया गया ।


# 'कुमाऊं द्वार महोत्सव' में बिखरी लोक संस्कृति की छटा

## स्टार नाईट में पवनदीप राजन और अरुणिता कांजीलाल की जोड़ी ने अपनी गायकी से मचाया धमाल

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। कुमाऊं के प्रवेश द्वार हल्द्वानी में आयोजित पांच दिवसीय 'कुमाऊं द्वार महोत्सव' का रंगारंग समापन हो गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात्रि हल्द्वानी के एमबी इंटर कॉलेज के ग्राउंड में आयोजित महोत्सव के आखरी दिन स्टार नाईट में प्रस्तुति देने के लिये आमंत्रित मशहूर बॉलीवुड सिंगर पवनदीप राजन और अरूणिता कांजीलाल की सुपर हिट जोड़ी ने अपनी गायकी से खूब धमाल मचाया। सोशल मीडिया के जरिये माई पिथौरागढ़ फेसबुक पेज पर लाईव दिखाये गये कार्यक्रम को दर्शकों ने खूब मनोरजन किया। वहीं देर रात्रि तक कार्यक्रम में पवनदीप ने गिटार, तबला व म्यूजिक इंटूमेंट बजाकर आकर्शक प्रस्तुति देते हुए कई फिल्मी की गीतों में दर्शक भी झूमने लगे। पवनदीप के साथ अणुनिता की स्टार जोड़ी की परफॉमेंस देखने स्टेज तक युवाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं कुमाऊं द्वार महोत्सव में पहुंचने पर कुमांऊं कमिशनर दीपक रावत एवं आईजी नीलेश आनंद भरणे का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। उत्तराखंड के मशहूर गायक इंदर आर्य, चंद्र प्रकाश, दीपा नगरकोटी, प्रकाश रावत, अमित शर्मा और बॉलीवुड सिंगर और इंडियन आइडल विनर पवनदीप राजन और अरुणिता कांजीलाल ने भी शिरकत कर महोत्सव में चार चांद लगा दिये। आयोजकों ने प्रतिभागी कलाकारों को सम्मानित किया। महोत्सव का मुख्य आकर्षण स्टार नाइट रहा जिसमें इंडियन आइडल शो के विजेता पवनदीप राजन और कंटेस्टेंट रहीं अरुणिता कांजीलाल ने स्टेज से अपनी आवाज का जादू बिखेरा। वहीं महोत्सव के बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए उत्तराखंड के मशहूर लोक गायक गोविंद दिगारी ने बताया कि कृष्या फाउंडेशन के तहत हल्द्वानी में पहली बार कुमाऊं द्वार महोत्सव के इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध लोक गायक, लोक कलाकारों की प्रस्तुति के अलावा छोलिया नृत्य, उत्तराखंडी भजन प्रतियोगिता, लोक नृत्य प्रतियोगिता, एप्पल प्रतियोगिता के अलावा अन्य कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी गई है। एमबी इंटर कालेज के मैदान में पांच दिवसीय कुमाऊं द्वार महोत्सव मे रंगारंग कार्यक्रमों में गायकों ने कुमाउंनी गीतों से समा बांध दिया। वहीं सांस्कृतिक संध्या में छोलिया नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। जैसे ही मंच पर छोलिया नृत्य शुरू हुआ दर्शक भी अपनी जगह पर झूम उठे। महिलाओं और बच्चों ने जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम संयोजक गोविंद दिगारी ने कहा कि शहर में ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहने चाहिए। इससे हमारी संस्कृति का प्रचार-प्रसार होता है।कार्यक्रम स्थल पर स्थानीय उत्पादों के स्टाल आकर्षण का केंद्र बने रहे। स्टाल से महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। स्टालों पर महिलाओं द्वारा तैयार उत्पाद भी रखे गए। कार्यक्रम स्थल पर चालीस स्वयं सहायता समूह और स्थानीय लोगों ने स्टाल पर पहाड़ी उत्पाद, व्यंजन और कपड़ उपलब्ध हैं। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। कलाकारों ने धमाकेदार प्रस्तुतियां दीं। लोक गायक राकेश खनवाल ने क्रीम पौडरा घिसने किले न, मेरी निर्मला समझी किले न..., मनोज आर्य ने, चाहा को होटल खोलूंलो, एत्ती टनकपुर..., नीरज चुफाल ने अल्मोड़ा अंग्रेज आयो टैक्सी में.. आदि गीत प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कुमाऊं द्वार महोत्सव में परफॉर्म करने आए उत्तराखंड के मशहूर गायक राकेश खनवाल ने कहा कि उन्हें यहां आकर काफी अच्छा लगा। उत्तराखंड के नए कलाकारों को इस तरह के मंच आगे बढ़ने का मौका देते हैं। बता दें कि वैसे तो राकेश ने कई सुपरहिट गाने दिए हैं लेकिन पिछले काफी समय से हर किसी की जुबान पर चढ़ा गीत 'क्रीम पौडरा' भी उन्हींने गाया है। कुमाऊं द्वार महोत्सव के संयोजक और मशहूर लोक गायक गोविंद दिगारी ने बताया कि कुमाऊं द्वार महोत्सव में गढ़वाली और कुमाऊंनी लोक गायक अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इनमें मशहूर गायक इंदर आर्य, चंद्र प्रकाश, दीपा नगरकोटी, प्रकाश रावत, अमित शर्मा प्रमुख हैं। कुमाऊं द्वार महोत्सव में मशहूर एक्टर बिंदु दारा सिंह भी पहुंचे और पहाड़ी गीतों में जमकर ठुमके लगाये। उन्होंने गोविंद दीगारी की सुपुत्री वैदेही को गोद मे उठकार दुराला। सांस्कृतिक संध्या में लोकगायक नैननाथ रावल, सुरेश प्रसाद, प्रकाश रावत, सुरेश जैन ने अपनी सुंदर प्रस्तुतियों से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। डांसर अंकित कुमार ने अपने नृत्य से सभी को आकर्षित किया। इस दौरान हेमंत जोशी, खुशी जोशी, राकेश खनवाल, इंदर आर्य, हरीश भट्ट, चंद्र प्रकाश, जगजीवन कन्याल आदि मौजूद रहे।







# तहसील दिवस में 49 शिकायतें दर्ज

कांडा (उद संवाददाता)। बिजली, पानी, सिंचाई आदि मुद्दे छाए रहे। लोगों ने 49 शिकायतें दर्ज की। जिलाधिकारी ने त्वरित समाधान के निर्देश दिए। तहसील दिवस में अनुपस्थित तहसील, ब्लाक स्तरीय अधिकारियों को चेतावनी जारी करने के निर्देश उपजिलाधिकारी को दिए।राइंका कांडा परिसर पर आयोजित दिवस का जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि दिवसों की सार्थकता तभी है, जब जनता की समस्याओं का समाधान हो। उन्होंने अधिकारियों से गंभीरता दिखाने को कहा। उन्होंने राइंका के प्रवेशोत्सव के दौरान बच्चों को पेंशन बाक्स और पेन उपहार में भेंट किए। ग्राम प्रधान मंतोली दया देवी ने बताया कि विकास कार्यों पर एक व्यक्ति व्यवधान कर रहा है। जिस पर पंचायत राज अधिकारी जांच करेंगे। पूर्व ग्राम प्रधान बंशीधर ने कांडा में मिनी स्टेडियम, पर्यटक आवास गृह, मिनी विकास भवन, अग्निशमन केंद्र खोलने की मांग की। कमल सिंह निवासी धपोला, बसंती देवी और प्रदीप सिंह ने आवासीय भवन की मांग की। आनंद सिंह धपोला ने सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में होमगार्ड की नियुक्ति, अर्जुन सिंह माजिला ने जोगाबाड़ी शिव गुफा का सुंदीकरण करने की मांग रखी। सिमकूना में भूकटाव को रोकने के लिए चेकडैम, प्राथमिक विद्यालय टाना की मरम्मत की मांग उठी। व्यापार मंडल अध्यक्ष धीरज सिंह गढ़िया ने पेयजल निकासी को नाली निर्माण, ग्राम प्रधान नाघर माजिला बिजली के पोल बदलने, नारायणगूंठ के शेखर चंद्र पांडे न पार्किंग और जोगाबाड़ी तक सड़क बंद होने और मलबा गांव की तरफ आने की शिकायत की। जिलाधिकारी ने कहा कि कांडा में सीएससी सेंटर स्वीकृत होने तक आधार और राशन कार्ड के लिए मासिक शिविर लगाए जाएंग। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, उपजिलाधिकारी संगीता आर्या, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज बर्मन, जिला पंचायतराज अधिकारी सुंदर लाल समेत विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# दिव्यांग बाइकर्स ग्रुप का किया स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। दिल्ली से देवभूमि उत्तराखण्ड की आध्यात्किक यात्रा पर आये देवभूमि ऐबल इंटरनेशनल राइडर ग्रुप के सदस्यों का यात्रा पूरी करने पर डिसेबल स्पोर्टिंग सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ एवं सचिव हरीश चौधरी के नेतृत्व में नगर निगम में जोरदार स्वागत किया गया। बता दें देवभूमि एबल ग्रुप बैनरतले दिव्यांग बाइकर्स सदस्यों का दल तीन दिवसीय देवभूमि उत्तराखण्ड में कुमांऊ के तीर्थ स्थलों की यात्रा पर दिल्ली से आये थे। कुमांऊ के भ्रमण के पश्चात मंगलवार को इस दल ने रूद्रपुर पहुंचकर यात्रा का अंतिम पड़ाव समाप्त किया। इस दौरान रूद्रपुर पहुंचने पर डिसेबल स्पोर्टिंग सोसाइटी की ओर से नगर निगम में राइडर्स का जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने कहा कि देवभूमि की यात्रा पर दिल्ली से आये दिव्यांग अतिथियों का हौंसला वाकई काबिले तारीफ है। लोग बिल्कुल स्वस्थ होते हुए भी घर से बाहर नहीं निकल पाते या फिर समय नहीं निकाल पाते। जबकि देवभूमि ऐबल ग्रुप के इन सदस्यों ने दिव्यांग होते हुए भी इतनी लम्बी यात्रा कर दिल्ली से उत्तराखण्ड तक का सफर तय किया और कुमांऊ के दुर्गम स्थलों पर जाकर देवभूमि के तीर्थ स्थलों की आध्यात्मिक यात्रा की है। उन्होंने सभी अतिथियों का देवभूमि में पहुंचने पर आभार व्यक्त किया और कहा कि भविष्य में जब भी इस तरह की यात्रा का कार्यक्रम बनायेंगे उसमें सोसायटी पूरा सहयोग करेगी। इस अवसर पर देवभूमि एबल ग्रुप के सदस्य दिग्विजय सिंह ने बताया कि आध्यात्मिक यात्रा नई दिल्ली से शुरू हुई थी, उत्तराखण्ड के दुर्गम स्थलों का भ्रमण करना अपने आप में एक रोमांचक अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि देवभूमि की वादियों में आकर यहां बार बार आने का मन करता है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता मन को मोह लेती है। इस अवसर पर मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष बलदेव छाबड़ा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शरद जोशी, नामित पार्षद राजकुमार कोली राजेश जग्गा, संगीता भंडारी, माही चौहान, भारती, कुलबीर सिंह, प्रवेश यादव मौजूद रहे।



# हरदा ने सुमित सिंह और सत्येंद्र कुमार के परिजनों को दी सांत्वना

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश के पूर्व कांग्रेस मुख्यमंत्री हरीश रावत कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सुमित सिंह के निधन शोक प्रकट करने उनके आवास पहुंचे उन्होंने कहा, सुमित के निधन से कांग्रेस परिवार को अपूर्ण क्षति हुई है। कांग्रेस परिवार ने एक कर्मठ युवा नेता खो दिया है। उन्होंने कहा कि सुमित सिंह कांग्रेस हितों और अधिकारों के प्रति सदैव सजग रहे। उनके निधन से कांग्रेस पार्टियों को जो क्षति हुई है उसकी भरपाई करना मुश्किल है। पूर्व मुख्यमंत्री रावत ने उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की साथ ही कहा कि कांग्रेस परिवार सदैव उनके परिजनों के साथ है। वही पूर्व मुख्यमंत्री रावत दुर्घटना में विद्युत कर्मी सतेंद्र कुमार के निधन पर उनके घर भी परिवार को सांत्वना देने ग्राम आर्यनगर पहुंचे। इस दौरान श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, सिद्धार्थ अरोरा, भीम ठुकराल, राम विलास, त्रिनाथ विश्वास, कुमारी सुमन सिंह, जगन्नाथ सरकार, सत्यजीत सिंह गुलाटी, आशुतोष आदि लोग मौजूद थे।



# सपा कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

गदरपुर(उद संवाददाता)। समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड उधम सिंह नगर के जिला उपाध्यक्ष हर्ष शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर तहसीलदार पूजा शर्मा को किसानों को मुआवजा दिए जाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि तहसील गदरपुर क्षेत्र में हुई बेमौसम बरसात एवं आपदा से हजारों किसानों की फसल बर्बाद हो गई है जिन्हें तत्काल प्रभाव से फसलों का सत्यापन कर 50000 प्रति एकड़ की दर से मुआवजा दिए जाने की मांग की गई । ताकि किसान राहत प्राप्त करते हुए कर्ज उतारने के साथ आगामी फसल के लिए भी तैयारी कर सकें। इस मौके पर विधानसभा महासचिव गुरकरण सिंह ,आदित्य, प्रमोद कुमार, रागिव, सोहेल ,गुलाम जिलानी, यश आदि मौजूद थे।



# जनपद में आधुनिक तकनीकि पर आधारित ड्रिप तथा स्प्रिंकलर सिंचाई को बढ़ावा दें: पंत



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक कैम्प कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में सिंचाई हेतु आधुनिक तकनीकि पर आधारित ड्रिप तथा स्प्रिंकलर सिंचाई को बढ़ावा दिया जाये और जल संचय पर आधारित कार्य भी किये जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि ड्रिप तथा स्प्रिंकलर आधारित सिंचाई को प्रमोट किया।जिलाधिकारी ने जनपद में वास्तविक मांग के अनुसार कम से कम 100 डीप बोरवेल तथा 100 सेलो बोरवेल लगाने का प्रस्ताव तैयार करने तथा स्प्रिंकलर तथा ड्रिप एरीगेशन हेतु मांग बढ़ाने के निर्देश मुख्य कृषि अधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने जनपद के शतप्रतिशत उद्यानों को ड्रिप एवं स्प्रिंकलर एरीगेशन से आच्छादित करने हेतु वृहद्ध कार्य योजना बनाने, इस वर्ष एक हजार हैक्टेयर क्षेत्रफल को आच्छादित करने हेतु कार्य योजना तैयार करने एवं डिमाण्ड बढ़ाने तथा एक जनपद-एक उत्पाद के अन्तर्गत जनपद में अमरूद अथवा ड्रेगन फ्रूट (रेड ड्रेगन फ्रूट )शामिल करने के निर्देश मुख्य उद्यान अधिकारी को दिये। उन्होंने जनपद में सोलर पम्प को बढ़ावा देने तथा सीसी एवं ईंट आधारित गूल निर्माण के स्थान पर पाइप आधारित गूल का प्रस्ताव तैयार करने तथा एक हजार सोलर पम्प की डिमाण्ड करने के निर्देश सिंचाई विभाग के अभियंताओं को दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, डीडीएम नवार्ड राजीव प्रियदर्शी, अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई नरेश कुमार, एलडीएम एमएस जंगपांगी, किसान सुरेश राणा, यशपाल सिंह राणा, गुरमुख सिंह आदि उपस्थित थे।



निवेदकः उत्तरांचल दर्पण परिवार, रूद्रपुर

# जी 20 समिट में ड्यूटी करने वाले पुलिस अधिकारी और कर्मचारी हुए सम्मानित

## आईजी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आईजी कुमायूँ डॉ. नीलेश आनन्द भरणे द्वारा जी 20 सम्मिट में डियूटी करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस महानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र डॉ. नीलेश आनन्द भरणे द्वारा 28 मार्च से 30 मार्च तक रामनगर में चले जी- 20 शिखर सम्मेलन में लगन और मेहनत के साथ डयूटी करने वाले अधिकारी कर्मचारी गणों को उत्साहवर्धन हेतु हल्द्वानी सभागार में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने डयूटी पर लगे पुलिस बल की भूरि-भूरि प्रशंशा करते हुए भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को सकुशल सम्पन्न करने हेतु पुलिस बल को प्रोत्साहित किया। जी 20 सम्मेलन में राज्य के विभिन्न जनपदों की वाहिनियो द्वारा डयूटी की गयी। जिनमें जनपद ऊधमसिंहनगर के 652, नैनीताल के 476, अल्मोडा के 19, पिथौरागढ के 22, बागेश्वर के 43, चम्पावत के 06, देहरादून के 187, हरिद्वार के 95, चमोली के 03, टिहरी के 146, रुद्रप्रयाग के 01, 31 वी वाहिनी पीएसी के 226, 46 वी वाहिनी पीएसी के 96 तथा 40 वी वाहिनी पीएसी के 108 अधिकारी कर्मचारी शामिल थे। कुमायूँ परिक्षेत्र के जनपद नैनीताल व ऊधमसिंह नगर के अधिकांश अधिकारी कर्मचारी को मौके पर तथा अन्य जनपदों से उनके प्रतिनिधि बुलाकर प्रशस्ति पत्र वितरित किये गये।





# 17 अप्रैल से शुरू होगी गेहूं बीज की खरीद

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रबन्ध निदेशक टीडीसी एवं जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने टीडीसी के अधिकारियों के साथ गेंहू बीज खरीद के सम्बन्ध में कैम्प कार्यालय से वीसी के माध्यम से बैठक ली। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि दड़ा तथा सीड्स मार्केट का प्रतिदिन सर्वे किया जाये और पंजाब बाजार का भी अध्ययन किया जाये, प्लांट को 17 अप्रैल तक अवश्य शुरू कर दिया जाये। उन्होंने निर्देशित



करते हुए कहा कि सीड्स की सैम्पलिंग करें और 17 अप्रैल से सीड्स खरीद शुरू की जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि नॉर्म्स के बारे में कास्तकारों को पहले से ही अवगत कराया जाये। इस दौरान विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, मुख्य बीज उत्पादक अधिकारी दीपक पाण्डे,बीज उत्पादक अधिकारी बीसी बर्मठा, उदय राम सिंह, बीज विपणन अधिकारी दिगम्बर प्रसाद, डायरेक्टर मुकुल महेश्वरी, अंकुर पपनेजा आदि उपस्थित थे।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा ने मनाई ज्योतिबा फुले की जयंती

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले जी के 196 वें जन्मदिन के अवसर पर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा ऊँमदक पश्चात ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता नैनीवाल विधायक श्रीमती सरिता आर्या, पूर्व महामंत्री सुरेश भट्ट एस सी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष समीर आर्य, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओ बी सी मोर्चा प्रदेश महामंत्री नेत्रपाल मौर्य, जिला उपाध्यक्ष हरिमोहन अरोरा, पूर्व



जिलाध्यक्ष प्रदीप विष्ट, एस सी मोर्चा के जिलाध्यक्ष भुवन आर्य, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री प्रकाश हर्बोला, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अल्का जीना, जिला महामंत्री रंजन बर्गली सहित राजेन्द्र नेगी, धीरज पाण्डे, प्रताप रैकवाल, मनोज वर्मा, नन्दन गोस्वामी, कृपाल सिंह, प्रेमनाथ पाण्डित, ज्योति गोस्वामी, महेश साह, दीपक कश्यप, राम शर्मा, निशान्त वर्मा, भुवन भारती, सुबोध जायसवाल, रजनी कश्यप, राशी जैन, गीता जोशी, रविन्द्र बाली, मदन सिंह रावत आदि उपस्थित रहे। सभी वक्ताओ ने महात्मा ज्योतिबा फुले जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन बिरेन्द्र जायसवाल एवं नन्हे कश्यप ने संयुक्त रूप से किया।

# बैजनाथ पुलिस ने की व्यापार संघ एवं टैक्सी यूनियन के साथ बैठक

गरुड़(उद संवाददाता)। बैजनाथ पुलिस ने व्यापार संघ एवं टैक्सी यूनियन के साथ बैठक की। बैठक में विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा हुई।थानाध्यक्ष कुंदन रौतेला ने बाजार की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए चर्चा की गई। वही क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने और अवैध नशे का यदि कही कारोबार हो रहा हो तो पुलिस को सहयोग कर नशामुक्ति अभियान में सहयोग की अपील की।इस दौरान टैक्सी यूनियन अध्यक्ष कुंदन सिंह भंडारी, व्यापार संघ अध्यक्ष लक्ष्मी दत्त पांडे,व्यापार संघ जिलाध्यक्ष बबलू नेगी आदि द्वारा बैठक में अपने सुझाव



रखे गए।थानाध्यक्ष रौतेला द्वारा बाजार की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए व्यापारियों व टैक्सी यूनियन से सहयोग करने की अपील की है।व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष नेगी ने व्यापारियो को पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था देने और व्यवसाईयों द्वारा पुलिस को हर संभव सहयोग की बात कही, इस दौरान वरिष्ठ व्यवसाई शिव सिंह बोरा,प्रयाग दत्त जोशी,विनोद भट्ट,रमेश जोशी,शंकर मेहरा,नारायण सिंह भाकुनी,गिरिश चंद्र जोशी,नवीन खोलिया,गणेश पांडे,हरक सिंह बिष्ट,दयाल गोस्वामी,प्रकाश जोशी,जगदीश बरोलिया,मोहन चंद्र जोशी,अंकित जोशी,धीरज जोशी आदि मौजूद थे।

# धूमधाम से मना प्रवेशोत्सव

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फाजलपुर महरौला में प्रवेशोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक प्रतिनिधि व पार्षद सुशील यादव खण्ड शिक्षाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद उपखण्ड शिक्षाधिकारी डॉ गुंजन अमरोही देहरादून से पहुँचे। मुकेश चन्द्र कुमेडी राज्य समन्वयक ए एन झा कॉलेज प्रधानाचार्य दयाशंकर पाण्डे, मीडिया प्रभारी भाजपा धर्मेन्द्र आर्य, एसएमसी अध्यक्ष गौरा देवी पीटीए अध्यक्ष अरधावती देवी सहित कई अभिभावक प्रवेशोत्सव में सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि व पार्षद सुशील यादव, खण्ड शिक्षाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद,उपखंड शिक्षाधिकारी डॉ गुंजन अमरोही, मुकेश चन्द्र कुमेडी, गौरा



देवी प्रधानाचार्य दयाशंकर पांडेय,मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र आर्य,बालिका इण्टर कॉलेज प्रधानाचार्य श्रीमति पार्वती देवी ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया ।इस दौरान विधायक प्रतिनिधि व पार्षद सुशील यादव ने कहा कि सभी अभिभावकों को अपने अपने बच्चों को सरकारी विद्यालय में पढ़ाना चाहिए सरकारी विद्यालय से ही पढ़कर बच्चे उच्चाधिकारी बनते हैं और भाजपा सरकार की तरफ से बच्चों को नि शुल्क गणवेश 9 क्लास की बालिकाओ को सरकार की तरफ से साइकिल प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है निशुल्क पाठ्य पुस्तक दिया जाता है ।



उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## बाघों और वन्यजीवों की सुरक्षा

प्रधानमंत्री ने रविवार को बाघ परियोजना के पचास साल पूरे होने पर एक रिपोर्ट जारी की। कुछ साल पहले तक देश में बाघों की कम संख्या को लेकर चिंता जताना एक तरह से सिलसिला बन गया था। इसके मद्देनजर बाघों के संरक्षण के लिए भी विशेष और लक्ष्य आधारित कार्यक्रम चलाए गए। शायद व्यापक स्तर पर किए गए लगातार प्रयासों का ही यह नतीजा है कि एक ताजा रिपोर्ट में बाघों की संख्या को लेकर आए नए आंकड़े पर काफी राहत महसूस की जा रही है। प्रधानमंत्री ने बाघ परियोजना के पचास साल पूरे होने पर एक रिपोर्ट जारी की, जिसके मुताबिक 2022 में देश में बाघों की संख्या तीन हजार एक सौ सड़सठ दर्ज की गई है, जबकि 2018 में यह संख्या दो हजार नौ सौ सड़सठ थी। यानी चार साल के दौरान बाघों की तादाद में दो सौ की बढ़ोतरी हुई। जाहिर है, इस पशु के जीवन के सामने जिस तरह के संकट मंडरा रहे हैं, उसमें इसके संरक्षण को लेकर किए गए उपायों से अब इसकी आबादी में लगातार इजाफा हो रहा है और चिंता के बरक्स एक स्तर पर संतोषजनक कामयाबी मिली है। सांस्कृतिक दृष्टि से देखें तो प्रकृति की रक्षा करना भारत में आम जनजीवन का हिस्सा रहा है। रिपोर्ट जारी करने के मौके पर प्रधानमंत्री ने भी इसका जिक्र किया। लेकिन पर्यावरण में होने वाले उतार-चढ़ावों के समांतर बढ़ती इंसानी आबादी के साथ रिहाइशी इलाकों के विस्तार की वजह से अनेक जंगली पशुओं के प्राकृतिक आवास का दायरा सिमटा और उनका सामान्य जीवन बाधित हुआ। मैदानी इलाकों में बाढ़ जैसी कई वजहों से भी घास के मैदानों पर आफत के साथ हिरणों की आबादी में कमी आई और इसका सीधा असर वन्यजीवों की खाद्य शृंखला पर पड़ा। इसका मुख्य खमियाजा पहले से ही संकट में पड़े बाघों को ज्यादा भुगतना पड़ा। हालांकि बाघों के जीवन पर यह संकट भारत के अलावा दुनिया भर में चिंता का कारण बना है। इसलिए बाघों को बचाने के मामले में विश्व स्तर पर पर्यावरणविदों के बीच व्यापक सहमति बनी। इन्हीं प्रयासों के तहत 'इंटरनेशनल बिग कैट्स अलायंस' यानी आइबीसीए बनी, जिसमें ऐसे देश शामिल हैं, जहां इस प्रजाति के सात पशु- बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, पुमा, जगुआर और चीता पाए जाते हैं। जहां तक भारत का सवाल है तो देश में कुल तिरपन बाघ संरक्षित क्षेत्र हैं, जहां लगभग तीन चौथाई बाघों की भिन्न प्रजातियां रहती हैं। गौरतलब है कि करीब पांच दशक पहले जब बाघ संरक्षण को लक्षित इस परियोजना की शुरुआत की गई थी, तब हालत थी कि 'बड़ी बिल्ली' प्रजाति में गिने जाने वाले इस पशु की संख्या इतनी कम थी कि इसके खत्म होने की आशंका जताई जाने लगी थी। लेकिन इस परियोजना पर अमल के बाद भारत ने न सिर्फ बाघों को बचाया है, बल्कि उसकी आबादी में विस्तार के लिए बेहतरीन पर्यावरण तैयार किया। सन 2006 में तो बाघों की गिनती महज एक हजार चार सौ ग्यारह रह गई थी और तब इस मसले पर उपजी चिंता के बाद सरकार की ओर से ज्यादा गंभीर और व्यवस्थित प्रयास शुरू हुए। उसके बाद हर चार साल के अंतराल के आंकड़ों में इसकी संख्या में तेजी से सुधार होता गया। अब नए आंकड़ों में बाघों की गिनती तीन हजार से ऊपर पहुंच जाने के बाद कहा जा सकता है कि देश में इस पशु के संरक्षण के लिए लागू योजना के तहत संतोषजनक उपलब्धि हासिल की जा सकी है। मगर यह ध्यान रखने की जरूरत है कि पर्यावरण से लेकर पर्यावास तक के मामले में बाघों का जीवन जिस तरह स्थानीय परिस्थितियों से अभिन्न है, उसे संतुलित बनाए रखना जरूरी है, ताकि लंबे समय में हासिल इस राहत को कायम रखा जा सके।


# डॉ.भीमराव अंबेडकर के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विचार

अपने पिता राम जी की चौदहवीं संतान डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के महू छावनी में हुआ था। उनकी माता का नाम भीमाबाई था। उस समय पिता रामजी सिपाही होते थे। रामजी सकपाल ने एक आदर्श पिता के रूप में विपरीत परिस्थितियों में भी अपने पुत्र भीमराव को उच्च शिक्षा देने का



संकल्प किया था। उसके अनुसार ही भीमराव भी आगे बढ़ते चले गए। उन्हें आभास हो गया था कि भीमराव भविष्य में भारत के इतिहास की महत्वपूर्ण कड़ी बनने जा रहा है। भारतीय समाज और सभ्यता का अतीत बड़ा शानदार रहा है, लेकिन उसमें अनेक कलंक भी हैं, प्राचीन हिंदुस्तानी अंग्रेज, मुस्लिम और राजाओं द्वारा मनुष्य को गुलाम रखने की प्रथा थी। इन गुलामों का सामाजिक आर्थिक शोषण की परंपरा भी विद्यमान थी। भारतीय परंपरा में सबसे बड़ा कलंक अस्पृश्यता अथवा छुआछूत की भी प्रथा चली आ रही थी। जोकि जाति प्रथा के पतन का परिणाम है। भारतीय संविधान द्वारा कानूनी तौर पर इस कलंकित प्रथा को समाप्त कर दिया गया है। इसमें हमारे संविधान के जनक डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की भूमिका बहुत अहम रही है। वस्तुत: डॉक्टर अंबेडकर भारतीय समाज के शोषित दलित वर्ग के सबसे बड़े सशक्त प्रवक्ता रहे हैं। वे जीवन पर्यंत सभी प्रकार के सामाजिक, राजनीतिक, और आर्थिक विषमताओं के विरुद्ध लड़ते रहे। विश्व का इतिहास गवाह है। कि जो वर्तमान की जमीन पर खड़ा होकर आने वाले कल के लिए जीता है। कल का रास्ता बताता है, उसका लोगों ने हर तरह से विरोध किया है। यहां यह भी सत्य है कि ऐसे समाज सुधारकों का जितना विरोध होता है। उतना ही शक्ति और गति से समाज सुधार के कार्य मूर्त रूप लेने लगते हैं। नए लोग इस विचारों से जुड़ने लगते हैं और कारवां आगे बढ़ता चला जाता है। इसी श्रृंखला के अग्रणी वीर महार जाति में जन्मे और देश के दलित वर्ग के मसीहा कहलाने वाले डॉक्टर अंबेडकर के जीवन यात्रा के विभिन्न आयाम दिखाई पड़ते हैं। समाज सुधारक के रूप में डॉक्टर अंबेडकर का दृढ़ निश्चय था, कि वे भारतीय समाज से अस्पृश्यता का कलंक मिटा कर ही दम लेंगे। छोटी जाति में उत्पन्न होने के कारण वे जीवन भर तिरस्कृत होते रहे थे। अस्पृश्यता निवारण हेतु उन्होंने अनेक ऊंचे पदों पर सेवारत होने का अवसर त्याग दिया और सामाजिक तथा राजनीतिक अधिकारों के लिए संघर्ष में स्वयं को पूरी तरह समर्पित कर दिया। उन्होंने एक अवसर पर कहा है-''मैंने यह प्रण किया है कि मैं उन दबे कुचले लोगों की, जिनमें मैं उत्पन्न हुआ और पला बढा और रह रहा हूं... इनकी सेवा करता हुआ ही मरूंगा! छुआछूत को समाप्त करना मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है।' डॉ. आंबेडकर हमेशा राजनीति को सामाजिक परिवर्तन के औजार के रूप में इस्तेमाल करने के पक्षधर रहे हैं। वह अच्छी तरीके से जानते थे कि यह तथ्य और विषय आज के परिवेश में कितना प्रासंगिक ,तर्क पूर्ण और न्याय संगत है। जो लोग उन्हें सिर्फ दलितों का मसीहा और पिछड़ों का नेता मानते हैं उनके हृदय में गहराई तक देशभक्ति की भावना विकसित करना और क्षमता पूर्ण समाज के लिए उनका जीवन संघर्ष शाश्वत मानव मूल्यों के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिज्ञाएं और कानून की अधुनातन विचार व्याख्या की अनूठी शैली डॉक्टर अंबेडकर के व्यक्तित्व को बहुआयामी बनाती है। डॉक्टर अंबेडकर का आर्थिक दर्शन, भारत के संविधान में मौलिक अधिकारों पर मानव अधिकारों की बड़ी स्पष्ट छाप है। जो कि मानव अधिकारों और देशकाल की सीमाओं से कहीं आगे है। भारत के बहुसंख्यक लोग अनेक शताब्दियों तक परतंत्र, विवश और गरीबी की मार से पीड़ित रहे। शिक्षा दीक्षा, खानपान, मान सम्मान, समानता से विरत रहना, और इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है। डॉक्टर अंबेडकर के लिए स्वतंत्रता संघर्ष मात्र राजनीतिक स्वतंत्रता का संघर्ष नहीं था वह उसे मानव अधिकारों का संघर्ष भी मानते थे। सामाजिक परिवर्तन का जो दौर डॉक्टर अंबेडकर के समय में प्रारंभ हुआ था वह अधिक दिनों तक जारी नहीं रह सका। संविधान सभा में डॉक्टर अंबेडकर बार-बार सामाजिक और आर्थिक विसंगतियों की ओर ध्यान दिलाते रहे। वे तो यहां तक कहते थे कि संविधान की रक्षा तभी संभव है जब इन विसंगतियों से हम पार पा सकें। संविधान के प्रणेता के रूप- में स्वतंत्रता के बाद पंडित जवाहरलाल नेहरु के मंत्रिमंडल में उन्हें कानून मंत्री बनाया गया। वे स्वतंत्र भारत के लिए बनाए जाने वाले संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष भी बनाए गए। 19वीं सदी के शुरू में डॉक्टर अंबेडकर ने संविधान का प्रारूप तैयार करने का काम पूरा किया और उसे संविधान सभा में पेश कर दिया। नवंबर 1949 में कुछ संशोधनों सहित यह प्रारूप उस समय लोकसभा में स्वीकार कर लिया गया। संविधान में अनेक प्रावधान किए गए हैं जिनमें अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ों को सामाजिक न्याय दिलाया जा सके इस बारे में संवैधानिक अनुच्छेद 15, 16 ,27, 46, 332 और 340 प्रमुख हैं। डॉक्टर अंबेडकर का यह मानना था कि परंपरागत धार्मिक मूल्यों का परित्याग किया जाना चाहिए और नए विचारों को अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने संविधान में उल्लिखित प्रावधानों में सभी के लिए समानता, एकता, सम्मान, स्वतंत्रता, अधिकारों और नागरिक अधिकारों पर विशेष जोर दिया। डॉक्टर अंबेडकर पत्रकार के रूप में - इन्होंने 21 जनवरी 1920 को एक अखबार 'मूकनायक' को सप्ताहिक अखबार के रूप में प्रारंभ किया। इस अखबार का उद्देश्य था भारत के दलित वर्ग की समस्याओं के हित के लिए संघर्ष करना। इस सप्ताह के प्रथम अंक के संपादकीय में उन्होंने लिखा-''आज जितने भी समाचार पत्र मौजूद हैं, वह सब किसी ने किसी जाति के हितों की रक्षा में लगे हुए हैं। वह अन्य जातियों के हितों की ओर दृष्टिपात भी नहीं करते हैं। हमारा यह देश विषमताओं का मायका है। सत्ता और धन के अभाव में अब्राह्मण तथा दलित वर्ग प्रगति से वंचित हैं। गरीबी, अयोग्यता और असमानता ने विशाल दलित समाज को गहरे गर्त में डाल रखा है। 3 अप्रैल 1927 को डॉ अंबेडकर साहब ने एक अन्य अखबार पत्र शुरू किया इसका नाम था। 'बहिष्कृत भारत'! डॉक्टर साहब ने नए सुधारों के परिप्रेक्ष्य में इस पत्र के माध्यम से दलित वर्गों की समस्याओं को सशक्त रूप से उठाया। डॉक्टर अंबेडकर ने इस पत्र के माध्यम से समाज से यह भी मांग की कि सारे मंदिर और जल स्रोतों पर अछूतों का प्रवेश हो और उन्हें उपयोग करने का अधिकार भी मिले। डॉक्टर अंबेडकर का ज्ञान अध्ययन अगाध था। वे विभिन्न विषयों के ज्ञाता थे। वे बड़ी मेहनत से आंकड़े इकट्ठा करते थे। तथ्यों और आंकड़ों के लिए उनकी स्मरण शक्ति भी गजब की थी! संघर्ष के उन दिनों में उन्हें उपेक्षा के उन कमजोर क्षणों में यह भी कहना पड़ गया था-''अंतत: लोग मुझे अभी समझ नहीं पाए हैं ! और मुझे उपेक्षित दृष्टि से देखा जाता है। एक समय आएगा जब इस देश के लोग मुझे ठीक प्रकार समझ पाएंगे और सम्मान करेंगे! लेकिन वह समय जब आएगा जब मैं जीवित नहीं रहूंगा।

**-सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'**



# राज्यपाल ने सुनी पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों की समस्याए

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजभवन में पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों की समस्याएं सुनी। राज्यपाल द्वारा राजभवन में पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान हेतु समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। आज विभिन्न जनपदों के दूरस्थ क्षेत्रों से कुल 7 लोगों द्वारा अपनी-अपनी शिकायतें/ समस्याएं राज्यपाल के सम्मुख रखीं। राज्यपाल ने सभी समस्याओं को बेहद गम्भीरता से सुना और उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व सैनिक व उनके आश्रितों द्वारा पेंशन से संबंधित समस्याएं, भूमि विवाद और कब्जे से संबंधित, उपनल में नियुक्ति से संबंधित, आर्थिक सहायता व अन्य समस्याएं राज्यपाल के सम्मुख रखी गयी।राज्यपाल ने सभी शिकायत कर्ताओं से कहा कि सैनिक, पूर्व सैनिक व उनके परिवारजनों की समस्याओं का समाधान मेरी प्राथमिकताओं में हैं। उन्होंने कहा सभी शिकायतों को नियमानुसार यथाशीघ्र निदान सुनिश्चित किया जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि विषम परिस्थितियों में हमारे सैनिक जिस निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं, उसी तत्परता से हमें उनके परिवारजनों की देखभाल व सहायता करनी चाहिए। उन्होंने राजभवन में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों की समस्याओं के समाधान हेतु नियुक्त शिकायत निवारण अधिकारी को सभी समस्याओं को यथाशीघ्र संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करने के निर्देश दिये। राज्यपाल ने कहा कि सभी लोगों की समस्याओं को एक निश्चित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।




# सात विक्रेताओं के खिलाफ दूषित खाद्य सामग्री विक्रय करने पर मुकदमा दर्ज

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जनपद अंतर्गत मलेरिया, टाइफाइड आदि अन्य प्रकार की बीमारियों से बचाव हेतु जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में सुरक्षित भोजन स्वास्थ्य आहार के संबंध में आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष होटल एसोसिएशन राजेंद्र भट्ट, जिला अध्यक्ष व्यापार मंडल पवन कुमार जोशी के साथ ही विभिन्न विभागीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे। बैठक में जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरके शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा विगत तीन माह में सात विक्रेताओं पर दूषित खाद्य सामग्री विक्रय करने पर मुकदमा किया गया है। उन्होंने बताया कि काशीपुर से आयात किए जा रहे सूरज ऑयल के नमूने दूषित पाये गये। जिस पर 30 हजार का जुर्माना लगाया गया। पिछले महीने दूषित खाद्य सामग्री विक्रेताओं पर 1लाख 89 हजार का जुर्माना लगाया गया है। जनपद अंतर्गत 380 लोगों को खाद्य सामग्री विक्रय का लाइसेंस दिया गया है। श्री शर्मा ने बताया कि जनपद अंतर्गत 200 लोगों को 3 माह में फास्ट्रेक ट्रेनिंग के माध्यम से प्रशिक्षित कराया गया जिनमें से 100 लोगों को पिथौरागढ़ में, 50 को गंगोलीहाट में, 25 को बेरीनाग में और 25 लोगों को मुनस्यारी में प्रशिक्षित किया गया। उनके द्वारा माध्यमिक शिक्षा अधिकारी से स्कूलों की सूची उपलब्ध कराने को कहा गया ताकि स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को सुरक्षित खाद्य पदार्थों के संबंध में जागरूक किया जा सके। जिलाधिकारी ने खुले में विक्रय किए जा रहे खाद्य व पेय पदार्थों के ठेलों को डस्टबिन, सीवर पाइप आदि दूषित स्थलों के निकट नहीं लगाने की सख्त हिदायत दी और ठेले की साफ सफाई के साथ ही खाद्य पदार्थों को ढक कर रखने के लिए कहा। इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी को मांस विक्रेताओं की दुकान के निकट मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम हेतु जागरूकता संदेश चस्पा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा जनपद अंतर्गत खुले में मांस विक्रय करने वाले विक्रेताओं पर कार्यवाही करने और मीट कटिंग के लिए स्लॉटर हाउस का उपयोग के साथ ही जिन स्थानों पर स्लॉटर हाउस नहीं है वहां शीघ्र स्लॉटर हाउस का निर्माण करने के लिए कहा। बैठक में अध्यक्ष होटल एसोसिएशन, अध्यक्ष व्यापार मंडल सहित उद्योग महाप्रबंधक, मुख्य कृषि अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक आदि विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# संगोष्ठी में संविधान के महत्व पर हुई चर्चा

मालधनचौड़/रामनगर(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़ में प्राचार्या डॉ. सुशीला सूद के निर्देशन में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 'संविधान का महत्व' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. खेमकरण 'सोमन' ने अमरीका, कनाडा और स्विटजरलैंड सहित भारत की संवैधानिक यात्रा करते हुए भारत देश के 'संविधान के महत्व' पर अपना सारगर्भित व्याख्यान दिया और कहा कि नागरिकों और जिम्मेदार पदाधिकारियों को अपने कर्तव्य और अधिकार ज्ञान होना ही भारत देश की मजबूती का आधार है। संविधान के महत्व के कारण ही वर्तमान में भारत, प्रगति और विकास के शिखर को स्पर्श कर रहा है, लेकिन भारत को अपने संविधान के बल पर अभी बहुत से जमीनी कार्य करने हैं। प्रो. प्रदीप चंद्र ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा को सर्वोपरि रखा ताकि वे बेहतर समय, समाज, देश और संविधान के निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सके।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सुशीला सूद ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश का संविधान दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान है। इसी के कारण सहिष्णुता की दृष्टि से भारत देश वर्तमान में दुनिया का सबसे सुंदर और सुखद देश है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. मनोज कुमार ने किया। संगोष्ठी में डॉ. आनंद प्रकाश, अंजली, श्वेता, पूनम, आर्यन, गौरव चंदोला, संजय कुमार, आदित्य, सलोनी, नेहा, प्रीती, अंकिता और नीतू उपस्थित रहीं।




# छात्र परिषद का गठन, गुरशान सिंह बने स्कूल कप्तान

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। गोशन स्कूल में छात्र परिषद का गठन किया गया जिसमें गुरशान सिंह को विद्यालय का स्कूल कप्तान बनाया गया। नगर पंचायत चेयरमैन प्रेम सिंह टूरना, विद्यालय प्रबंधक डॉ सुरेश चंद्र जोशी एवं विद्यालय के काउंसलर भुवन चंद्र जोशी ने दीप प्रज्वलित कर छात्र परिषद गठन समारोह की शुरुआत की। विद्यालय अध्यक्षा सरोज जोशी ने बताया कि छात्र परिषद में चयन हुए विद्यार्थियों को उनके परिजनों ने स्वयं बैच लगाकर सम्मानित किया। रोहन विश्वमित्र को हेड ब्वॉय एवं तनूजा माझी को हेड गर्ल, खुशी कम्बोज एवं अमनदीप कौर को उप-स्कूल कप्तान बनाया गया। जसप्रीत कौर को वरिष्ठ खेल कप्तान, दीपांश गर्ग को कनिष्ट खेल कप्तान बनाया गया। शिखर राणा छात्र अनुशासन प्रभारी एवं खुशी राठौर को छात्रा अनुशासन प्रभारी बनाया गया। प्रधानाचार्य प्रकाश कांडपाल ने बताया कि कुल 103 विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की जिम्मेदारियां सौपीं गयी। सदन कप्तानों में अरावली सदन से भावना चंद, नीलगिरी सदन से पीहू राठौर, विध्यांचल सदन से रंदीप कौर, हिमालय सदन से खुशनीत कौर का चयन किया गया एवं सदन प्रभारियों में अरावली सदन की सिमरनदीप कौर, विध्यांचल सदन की संगीत कौर, हिमालय सदन की सिमरन कौर एवं नीलगिरी सदन की मीनाक्षी मिश्रा को जिम्मेदारियां सौंपी गयीं। मंच संचालन दमनप्रीत कौर और अलका मांझी ने किया। विद्यालय काउंसलर भुवन चंद्र जोशी ने सभी नव-नियुक्त छात्र-परिषद् के पदाधिकारियों एवं सदन प्रभारियों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत करवाया। इस दौरान शिवदत्त जोशी, हेम कांडपाल, नीरज जोशी, नवीन शर्मा, नवनीत मसीह, विजय नागर, पूनम भट्ट, ममता अग्रवाल, संगीत कौर, आदि मौजूद रहे।




## पेज एक का शेष...

**ताबड़तोड़ फायरिंग से ....** सभी परिवारों को घरों के अंदर रहने के लिए कहा गया है। इसके अलावा मिलिट्री स्टेशन के अंदर के स्कूल बंद कर दिए गए हैं। पंजाब पुलिस के एडीजी ने कहा है कि यह घटना आतंकी घटना नही है। बठिंडा मिलिट्री स्टेशन शहर से लगा है। ये पुराना और काफी बड़ा मिलिट्री स्टेशन है। अमूमन यहां जबरदस्त सुरक्षा इंतजाम रहते हैं।अभी हमलावर की पहचान नहीं हो पाई है. क्विक रिएक्शन टीम फायरिंग करने वाले की तलाश में जुटी है. बताया जा रहा है कि शूटर सिविल ड्रेस में था। पंजाब पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, ये जवानों के आपसी विवाद का भी मामला हो सकता है। पंजाब में मौजूदा स्थिति को देखते हुए फायरिंग की घटना पर सेना प्रमुख खुद नजर बनाए हुए हैं। उन्हें हर छोटी से छोटी जानकारी दी जा रही है। बताया जा रहा है कि सेना प्रमुख पूरी घटना की जानकारी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को देंगे।

**जीप खाई में गिरने से ..** बिरख धामी और 45 वर्षीय बुरे धामी की मौत हो गई। ड्राइवर का पता नहीं लग सका है। उन्होंने बताया कि यह सभी लोग भारत में मजदूरी करते थे और विषुपति का पर्व मनाने के लिए घर लौट रहे थे। सभी लोग एक ही गांव के बताए जा रहे हैं। बुधवार सुबह से खाई में पड़े शवों को निकालने का काम शुरू हुआ। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**अचानक कलेक्ट्रेट पहुंचे...** पहुंचने के बाद तुरंत तहसील कार्यालय का रूख किया और वहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कमिश्नर के छापे की सूचना पर डीएम व अन्य अधिकारी भी आनन फानन में तहसील पहुंच गये। कमिश्नर तहसील के अधिकारियों कर्मचारियों से कामकाज की जानकारी ली। अव्यवस्थाओं पर कमिश्नर ने नाराजगी भी जताई। निरीक्षण के दौरान कई पत्रावलियां लंबित पायी गयी जिस पर कमिश्नर ने नारजागी व्यक्त की। इस दौरान कमिश्नर ने तहसील में समस्याएं लेकर आये लोगों से भी बात की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। उन्होंने जिम्मेदार कार्यालय कर्मचारियों को एडवर्स एंट्री देने के भी निर्देश दिए। कमिश्नर ने तहसीलदार नीतू डांगर को चेतावनी भी दी और कार्यशैली पर नाराजगी जताई। कमिश्नर ने कहा कि इस तरह से काम नहीं चलेगा। फरियादियों की नोट शीट ना बनने पर भी कमिश्नर ने नाराजगी जताई और फाइलों पर तहसीलदार के हस्ताक्षर न होने पर भी नाराजगी व्यक्त की। कमिश्नर की इस कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा।

**कमिश्नर ने सरस बाजार में ....** ऋचा सिंह भी मायके पर आ गई। आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए भविष्य में सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए। फिलहाल जीएसटी विभाग के अधिकारी सामान के बिल और सामान के वास्तविक स्वामी की तलाश में जुट गये है। कुमाऊं आयुक्त ने कहा की किसी भी तरीके के राजस्व की चोरी को संरक्षण नहीं दिया जाएगा।

कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत द्वारा आज तड़के जीएसटी चोरी कर लाए गए सामान को पकड़े जाने के बाद तमाम टैक्स न देने वाले व्यापारियों की मुश्किलें कुछ दिन तक बढ़ गई हैं। जीएसटी चोरी कर व्यापारी रेल, रोडवेज व निजी बस से तो सामान लाते ही हैं। साथ ही ट्रांसपोर्ट कंपनी स्वामी व विभागीय मिलीभगत से भी रोजाना करोड़ों का सामान एक ही शहर में आ रहा है।

**अंबेडकर जयंती पर झांकियों ...** गुजरते हुए अम्बेड़कर चौक के समीप डा. भीमराव अम्बेड़कर प्रतिमा स्थल पर समाप्त होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या होंगे। साथ ही विभिन्न राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक व व्यापारिक संगठनों से जुड़े लोग इसमें प्रतिभाग करेंगै। आयोजक संस्था के संयोजक दीपक कुमार व पार्षद रंजीत कुमार ने बताया कि शोभा यात्रा को भव्य रूप प्रदान करने के लिए सभी कार्यकर्ता दिनरात जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया शोभा यात्रा में देश के अमर शहीदों एवं महापुरूषों के साथ ही कई झांकिया ऐसी भी सजाई जा रही हैं जो समाज को अच्छा संदेश देंगी। उन्होंने बताया कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल करेंगे। कार्यक्रम में वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधियों के साथ ही विभिन्न संगठनों के गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम पूरी रतह गैर राजनैतिक है। आयोजकों ने नगर की समस्त जनता से शोभा यात्रा में शामिल होने की अपील की। पत्रकार वार्ता में शैलेन्द्र कोली,सुशील कुमार, प्रदीप कुमार,विजयपाल सागर,हिम्मत राम कोली आदि भी मौजूद रहे।

**खेत में छोड़े गये ...** जंगली जानवरों को भगाने के लिए लगाए गए अवैध तारों के करंट की चपेट में आने से अर्जुन सिंह बुरी तरह से झुलस गया था। इसके बाद ग्रामीणों ने ऊर्जा निगम के अधिकारियों को फोन पर सूचना देकर बिजली आपूर्ति बंद कराई। ग्रामीणों ने उसे तार से अलग किया लेकिन तब तक उसकी मौत चुकी थी। सूचना पर राजस्व और ऊर्जा निगम की टीम भी मौके पर पहुंच गई। घटना की सूचना पर कौश्याकुटोली की तहसीलदार मनीषा बिष्ट और ऊर्जा निगम के जेई हेमचंद्र कपिल मौके पर पहुंचे। ऊर्जा निगम के एसडीओ भवाली मनोज तिवारी ने बताया कि जंगली जानवरों के लिए खेतों में करंट छोड़ने वालों के खिलाफ ऊर्जा निगम सख्त कार्रवाई करेगा। अन्य क्षेत्रों में भी खेतों में करंट छोड़ने वालों के खिलाफ शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नैनीताल रोड से भी हटाया जाये अतिक्रमण: छाबड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोकतन्त्र सेनानी एडवोकेट सुभाष चन्द्र छाबड़ा ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर नैनीताल रोड अतिक्रमण हटाने की मांग की है। पत्र में छाबड़ा ने कहा कि रुद्रपुर में पिछले माह इंदिरा चौक से लेकर डी. डी. चौक तक अतिक्रमण हटा कर एक ऐतिहासिक कार्य हुआ जो रुद्रपुर के इतिहास में एक बेहतरीन अध्याय के रूप में अंकित हो गया है जिसके लिए आपको तथा आपकी टीम को अविभाजित नैनीताल के जिलाधिकारी रहे सूर्यप्रताप सिंह के बाद सबसे अधिक याद किया जाएगा । छाबड़ा ने कहा कि इससे पूर्व भी नैनीताल मार्ग पर हुए अतिक्रमण के बारे में अवगत कराया गया है। नैनीताल मार्ग पर आवासीय परिसरों को मनमाने तरीके से व्यवसायिक रूप में गैरकानूनी रूप से परिवर्तित कर दिया गया है और अब उनमें विभिन्न प्रकार के व्यवसाय हो रहें हैं जबकि ये सभी कोठियां आवासीय हैं जिनमे किसी भी प्रकार का व्यवसाय नहीं हो सकता। इतना ही नहीं इस मार्ग पर एस पी साल्वेंट के पवन कुमार लोकनाथ ओबराय, आहूजा धर्मशाला, डॉक्टर दिनेशचंद रस्तोगी तथा शिवकुमार कुमार ऑक्सीजन की कोठी या मुश्किल से एकाध अन्य ही अतिक्रमण से मुक्त हैं। शेष सभी की हरितपट्टी या ग्रीन बेल्ट पर मुस्तकिल निर्माण हो गए हैं तथा लगातार जारी हैं जो राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात तथा सुन्दरता को बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है । नैनीताल मार्ग हुए तमाम गैरकानूनी निर्माण पूरी व्यवस्था को एक चुनोती है इससे निबटने के लिए जनता पूरी तरह से प्रशासन के साथ है। छाबड़ा ने कहा कि व्यापार मंडल जैसे जनविरोधी संगठनों से किसी भी प्रकार से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है ये सब बंदर घुड़की देते हैं और आम लोगों की आड़ में अपने व्यक्तिगत हित साधते हैं। श्री छाबड़ा ने जिलाधिकारी से नैनीताल मार्ग के अतिक्रमण को भी लगे हाथ निबटाने की अपील की है।





संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# महंगी किताबों के आड़ में निजी स्कूल संचालक हो रहे मालामाल

## ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल एवं दिल्ली प्ले स्कूल में मिली निजी प्रकाशकों की किताबें,शिक्षा विभाग ने दोनों विद्यालयो को जारी की नोटिस

( **विक्की मंडल** ) शक्तिफार्म। शिक्षा के क्षेत्र में निजी विद्यालय संचालकों द्वारा गजब का खेल खेला जा रहा है। पुस्तकों के नाम पर निजी विद्यालय के संचालकों द्वारा अभिभावकों के जेबों पर डाका डालते हुए खुद मालामाल हो रहे हैं। विद्यालयों द्वारा निजी प्रकाशकों की किताबें चलाई जा रही हैं जोकि एनसीईआरटी से लगभग 4 गुना अधिक महंगी हैं। निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी की बजायें चलायी जा रही निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें की खबर के बाद आखिरकार शिक्षा विभाग हरकत में आया। शिक्षा विभाग की ओर से बालमुकुंद तिवारी, मोहन चंद्र पाठक व ह्रदेश चौहान की तीन सदस्यीय टीम ने क्षेत्र के कई निजी विद्यालयों में औचक निरीक्षण की। निरीक्षण में नगर के ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल एवं दिल्ली प्ले स्कूल में निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें पायी गयी। जोकि एनसीईआरटी से लगभग चार गुना ज्यादा महंगी किताबें है। जिस पर शिक्षा विभाग ने नोटिस देते हुए दोनों विद्यालयों से निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें चलाई जाने को लेकर स्पष्टीकरण मांगा। बताते चलें कि, माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद निजी विद्यालय लगातार अभिभावकों पर निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें खरीदने का दबाव बना रहे हैं।उच्च न्यायालय ने आदेश में निजी विद्यालयों को सहायक पुस्तक लगवाने की रियायत जरूर दी लेकिन यह भी कहा कि उसका मूल्य एनसीईआरटी किताबों के समान रहना चाहिए।



निजी प्रकाशकों की किताबें चलाने वाले विद्यालयों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। बावजूद इसके यदि विद्यालय मनमानी करता है तो उस पर नियमानुसार विभागीय कार्यवाही की जाएगी।
**– डीएस राजपूत, खंड शिक्षा अधिकारी,सितारगंज**

## जांच टीम पहुंचने से पहले स्कूलों को मिली सूचना, सांठगांठ उजागर

शक्तिफार्म। क्षेत्र के लगभग पाँच स्कूलों में जांच के लिए टीम पहुंची परंतु दो ही स्कूलों में निजी प्रकाशकों की पुस्तकें पाई गई। सूत्रों के अनुसार नगर के एक निजी विद्यालय को जांच टीम पहुंचने से पहले ही उन्हें सूचना मिल चुकी थी। भनक लगते ही स्कूल प्रशासन द्वारा सभी बच्चों से निजी प्रकाशकों की पुस्तकें जमा कर ली गई थी। जब विद्यालय के एक बच्चे से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ष्अंकल हमारी पुस्तके तो मैंम ने सुबह ही जमा कर ली थी। शक्तिफार्म शिक्षा के नाम पर बाजारीकरण बदस्तूर जारी है। क्षेत्र के निजी स्कूलों द्वारा बुक डिपो भी तय कर दी गई है। अभिभावक चाह कर भी अपने मनपसंद के बुक डिपो से बुक खरीद नहीं सकते। निजी विद्यालयों द्वारा स्पष्ट कहा जाता है कि अमुक बुक डिपो से ही बुक खरीदे। जहां पर विद्यालय संचालकों द्वारा अपने मन मुताबिक निजी प्रकाशकों के किताबे रखवाई गई हैं।

# क्षेत्र में बेखौफ हो रहा मिट्टी का अवैध खनन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नेशनल हाईवे से लगे ग्रामीण क्षेत्रों से परमिशन से अधिक ट्रैक्टर ट्राली से अवैध खनन का कारोबार चरम पर है, अवैध खनन में लिप्त खनन कारोबारी परमिशन की आड़ में देवहा नदी और कृषि भूमि से अधिक मिट्टी उठाई जा रही है, हालांकि प्रशासन जिलाधिकारी के परमिशन पर खनन की बात कर रहा है, जानकारी के अनुसार खटीमा नेशनल हाईवे से ग्रामीण क्षेत्र की देवहा , ग्रामीण क्षेत्र से मिट्टी खनन का कार्य पिछले 4 दिनों से चल रहा है, मिट्टी खनन के कार्य में चल रहे वाहनों की संख्या देखते हुए प्रतीत होता है कि जिला अधिकारी की परमिशन से अधिक वाहनों का खनन में इस्तेमाल किया जा रहा है, खनन कार्य



में ऐसी कई ट्रैक्टर ट्रालीया चल रही है जिसमें कोई नंबर प्लेट नहीं है, जिससे कभी कोई दुर्घटना होने पर उक्त वाहनों के खिलाफ करने में पुलिस प्रशासन को ट्रेस करने में परेशानी होगी, हालाकी परमिशन से चलने वाली खनन ट्रैक्टर ट्राली में नंबर प्लेट होना जरूरी है, लेकिन अवैध खनन करने वाले नियमों की अनदेखी कर सरकार को चूना लगा रहे हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों खनन की ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली चलने से दुर्घटना का भय तो बना रहता है वही ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें टूटती जा रहे हैं, जिससे जहां प्रशासन को राजस्व से अधिक नुकसान हो रहा है। क्षेत्र के पटवारी आनंद शर्मा ने बताया कि जिला अधिकारी के परमिशन पर कुछ वाहनों को मिट्टी खनन की अनुमति मिली है, परमिशन से अधिक ट्रैक्टर ट्राली या चलने पर जांच की बात कही है, वही उनके मुताबिक कितने वाहन को परमिशन मिली है इसकी सही जानकारी नहीं है।

# धामी सरकार में नये दायित्वधारियों की सूची फाईनल

## देवभूमि में अवैध मजारें नहीं होगी स्वीकार : दुष्यंत गौतम

देहरादून।भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम ने धामी सरकार में जल्द दायित्व बांटे जाने के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व इस पर जल्द निर्णय लेगा। प्रभारी के इस संकेत दायित्व की उम्मीद लगाए दावेदारों के चेहरे खिल उठे हैं। बता दें कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की चर्चा के बाद दायित्व की सूची फाइनल कर केंद्रीय नेतृत्व को भेज चुके हैं। इस पर केंद्रीय नेताओं को निर्णय लेना है। मंगलवार को देहरादून में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भाजपा के सभी सांसदों ने सीएम पुष्कर सिंह धामी सहित भाजपा प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों की बैठक में मंत्रणा की गई। तीन दिवसीय प्रवास पर पहुंचे प्रदेश प्रभारी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिस तरह अवैध धार्मिक स्थलों पर कार्रवाई का संकल्प दिखाया है, वह निसंदेह बेहतर और देवभूमि के लिए जरूरी भी है। भाजपा किसी वर्ग या समुदाय के खिलाफ नहीं है, लेकिन सरकारी, गैर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर उसे एक साजिश के तहत हड़पने की व्यवस्था के खिलाफ है। जिस तरह मुख्यमंत्री ने सख्त कार्रवाई का एलान किया वह प्रशंसा योग्य है। उनके इस निर्णय का आम लोगों में अच्छा संदेश है और लोग फैसले का स्वागत कर रहे हैं।गौतम ने कहा कि धर्मांतरण के खिलाफ उत्तराखंड का कड़ा कानून भी अन्य राज्यों में चर्चा का विषय बना हुआ है। यह राज्य का सौभाग्य है कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य में पुष्कर सिंह धामी जैसे मुख्यमंत्री मिले और आज विकास आम जन की पहुंच में है। केंद्र के सहयोग से राज्य में डेढ़ लाख करोड़ से अधिक की योजनाएं चल रही हैं, जो राज्य को विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा रही है। धामी सरकार के कड़े नकल कानून को लेकर अन्य राज्य भी इसका अध्ययन कर लागू करने को उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में पर्यटन की गतिविधियां बढ़ने से रोजगार के द्वार खुलेंगे।



# सीएम ने 8वीं पास करने वाली बालिकाओं को मैट्रिकुलेशन सेरेमनी से अलंकृत किया

## प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों को टेबलेट के लिये धनराशि हस्तांतरित

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ''प्रवेशोत्सव'' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय बनियावाला के उच्चीकृत भवन का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने विद्यालय से 8वीं पास करने वाली बालिकाओं को मैट्रिकुलेशन सेरेमनी से अलंकृत किया एवं प्राथमिक विद्यालयों के 21 हजार से अधिक अध्यापकों को टेबलेट के लिए उनके स्कूलों में डीबीटी के माध्यम से 21 करोड़ 76 लाख रूपये की धनराशि हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि समय के साथ शिक्षा में इनोवेशन बहुत जरूरी है। ज्ञान और शिक्षा सिर्फ किताबी नहीं हो सकते हैं। शिक्षा का मकसद व्यक्ति के हर आयाम का सन्तुलित विकास करना है। सन्तुलित विकास इनोवेशन के बिना सम्भव नहीं है।उन्होंने कहा की बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का जो नारा दिया है उस नारे को हमें सार्थक करके दिखाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति से स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा को नए आयाम प्राप्त होंगे, इससे सभी वर्ग के लोगों को समानता के आधार पर शिक्षा प्राप्त करने के अवसर भी मिलेंगे और रोजगार परक शिक्षा मिलेगी, साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अलग से तैयारी नहीं करनी पड़ेगी। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत , विधायक श्री सहदेव पुंडीर , श्री दिलीप रावत, श्री मोहन सिंह मेहरा, सचिव शिक्षा श्री रविनाथ रमन, महानिदेशक शिक्षा श्री बंशीधर तिवारी एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



# जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड और प्रसव के समय वसूली करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग

बागेश्वर (उद संवाददाता)। जिला अस्पताल के अल्ट्रासाउंड कक्ष में गड़बड़ी और रजिस्टर में मरीजों की संख्या अंकित नहीं होने पर कांग्रेसियों ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज कार्यकर्ता सीएमएस कक्ष में धमक गए। यहां उन्होंने हजारों रुपये के वारे न्यारे करने का आरोप लगाया। साथ ही कर्मचारियों पर भी मिली भगत का आरोप लगाया। पूरे मामले की जांच की मांग की है। समस्या को लेकर डीएम से मिलेंगे। जिलाध्यक्ष भगवत डसीला के नेतृत्व में कार्यकर्ता बुधवार को जिला अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने अल्ट्रासाउंडऔर प्रसव के लिए आने वाले लोगों के परिजनों से सुरक्षित प्रसव के नाम पर अवैध वसूली करने का भीआरोप लगाया। इस शिकायत को लेकर कार्यकर्ता सीएमएस से मिले। उन्होंने सीएमएस को बताया कि अल्ट्रासाउंड कराने के लिए जो फीस जमा होती है। उस काउंटर व अल्ट्रासाउंड कक्ष में बनने वाली सूची का मिलान नहीं होता है।कई बार दूरदराज से आए मरीजो से अवैध वसूली की जाती है,जबकि लंबे समय से सूचना के बाद कोई कार्रवाई नही होती है, कर्मचारियों की मिलीभगत से रोजाना हजारों रुपये का चूना अस्पताल प्रबंधन को लग रहा है। उन्होंने पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। मांग करने वालों में कवि जोशी, प्रकाश बाछमी, भीम कुमार, लक्ष्मी धर्मशक्तू, गोपा धपोला, किशन कठायत, आदि मौजूद रहे। इधर सीएमएस डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि कांग्रेस की शिकायत के बाद मामले में जांच कमेटी गठित कर दी है। उन्होंने कहा कि यदि जांच में मामले में किसी तरह की लापरवाही सामने आई तो कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। फिलहाल अल्ट्रासाउंड के बाहर लगे काउंटर पर तैनात कर्मचारी को वहां से हटा दिया है।



# खनन करने वालों के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। पगना सोप स्टोन माइन को लेकर ग्रामीणों ने कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने खान मालिक को पार्टनर डीड के आधार पर गुमराह करने जबरदस्ती नाप खेतों में खनन कर डराने धमकाने का आरोप लगाया, खान के असली पट्टाधारक को और उसके भाइयों को खान चलाने वाले सहयोगियों द्वारा डराने धमकाने,और जानमाल का खतरा होने,बिना खेत मालिकों की स्वीकृति के जबरन खनन करने, और पट्टे का अनुबंध समाप्त कराने की मांग की। ऐसा नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।सोमवार को पट्टाधारक और ग्रामीण जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने डीएम को ज्ञापन सौंपा। कहा कि ग्राम पगना सोप स्टोन माइन पट्टाधारक गणेश दत्त नैनवाल के भागीदारों ने पहले से ही खनन और गलत तरीके से काम किया।वही लीज पर भागीदारों द्वारा मनमाने ढंग से खनन कार्य जारी रखा, वही तय शर्तो का उल्लंघन कर गुमराह करने का आरोप लगाया, ग्रामीण अब खनन कार्य नही करने देने की बात कह रहे हैं,वही पूर्व में भी जिलाप्रशासन को खनन कार्य को रोकने की मांग पर कोई कार्रवाई नही होने से ग्रामीणों में नाराजगी है,वही अब ग्रामीणों ने जल्द प्रशासन से उचित बेमीणों ने जिला प्रशासन द्वारा मामले में खनन पट्टा को भागीदार राजेंद्र सिंह दफौटी और बालम रौतेला,और खेत मालिक को संचालन के लिए दिया। खनिज निकासी के लिए ई-पोर्टल रमन्ना में पट्टाधारक का रजिस्र्ड मोबाइल नंबर आवेदन पत्रावली के साथ कार्यालय में जमा कराया। लेकिन दूसरे मोबाइल नंबर पर ई-रमन्ना जारी करवाए गए। जिसके कारण खनिज का उत्पादन आदि की कोई जानकारी नहीं है। इसके अलावा खनन आवासीय मकान के नजदीक किया जा रहा हे। जिससे जानमाल का खतरा बना हुआ है। उन्होंने जांच कर अनुबंध को निरस्त कराने की मांग की। इस दौरान तारा दत्त नैनवाल, बसंत नैनवाल,हरीश शाही,गोविंद सिंह असवाल,राजेंद्र प्रसाद,बालम शाही, विजय नैनवाल आदि उपस्थित थे।

